www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live


मौसम

अधिकतम तापमान 35.c

26.c न्यूनतम तापमान

बाजार

सोना 90.330g

चांदी 10.200kg


2 परिसीमन की कसौटी, शासन गुणवत्ता और विशिष्ट संस्कृति क्षेत्र भी आधार बनाए जा सकते हैं

युवक को दबंगों ने पीटा 04



वर्ष :08 | अंक :265 | मुंबई ,मंगलवार , 18 मार्च , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए


संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली पुलिस शुरू करेगी 'शिष्टाचार' स्क्वाड, महिलाओं के साथ होने वाली छेड़ छड से निपटने के लिए उठाया ये कदम

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा का मुद्दा हमेशा से ही महत्वपूर्ण रहा है। महिलाओं के साथ छेड़खानी की शिकायतें हमेशा से दिल्ली में सामने आती रही है। छेड़खानी करने वालों पर सख्ती दिखाने और शिकंजा करने वालों के लिए दिल्ली पुलिस बड़ा कदम उठाने जा रही है। दिल्ली पुलिस अब महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाने के लिए सभी जिलों में छेड़छाड़ विरोधी या 'शिष्टाचार दस्ते' तैनात करने की तैयारी में है। बल द्वारा जारी एक आधिकारिक नोटिफिकेशन में बताया गया कि ये विशेषज्ञ टीमें उत्पीड़न के मामलों पर प्रतिक्रिया देंगी। इन टीमों का काम ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए भी ये टीमें सक्रिय रूप से काम करेंगी। हर जिले में 15 प्रशिक्षित कर्मियों का एक दस्ता होगा, जिसका काम सार्वजनिक परिवहन केन्द्रों, बाजारों और शैक्षणिक संस्थानों सहित संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करना और वहां गश्त करना होगा।

### झांसी में अलग-अलग स्थानों पर एक युवक और महिला ने आत्महत्या की

झांसी जिले के दो अलग-अलग स्थानों पर एक युवक और एक महिला ने पारिवारिक कलह के चलते कथित तौर पर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार थाना पूंछ के ग्राम कनेछा निवासी अखिलेश सेन (19) रविवार देर शाम निकट के गांव सेसा स्थित अपने बड़े भाई मनीष के सैलून पर शराब पीकर पहुंचा तो बड़े भाई ने उसे फटकार लगा दी। पुलिस ने बताया कि इसी बात से नाराज अखिलेश ने सैलून में रखा उस्तरा उठाकर अपना गला रेत लिया। उसने बताया कि मनीष उसे तत्काल अस्पताल ले गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले अखिलेश की मौत हो गई। पुलिस के बताया कि दूसरी घटना थाना प्रेमनगर क्षेत्र में हुई जहां बल्लमपुर निवासी संध्या यादव (26) ने ट्रेन के आगे छलांग लगा दी, जिसकी मौके पर ही मौत हो गयी। उसने बताया कि यह कदम उठाने से पूर्व उसने रविवार शाम एक वीडियो बनाया था जिसमें संध्या ने उसे लगातार प्रताड़ित किए जाने और पति की यारी दोस्ती से परेशान होने की बात कही थी। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार दोनों ही मामलों में अभी तक किसी परिजन द्वारा शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। किसी भी तरह की शिकायत आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

## ओवैसी बोले- बिल में प्रावधान, मस्जिद पर सवाल उठे, तो जांच होने तक वह हमारी संपत्ति नहीं

प्रदर्शन

▶▶आजमी ने सरकार के कामों की आलोचना करते हुए कहा कि भारत को अधीनता के आधार पर नहीं बल्कि वफादारी के आधार पर स्वीकार किया गया था। यह भूमि किसी के पूर्वजों की नहीं है। हमने इस भूमि के लिए बलिदान दिया है और हम ऐसा करना जारी रखेंगे।




### मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड बोला- हमारी बातों को नजरअंदाज किया गया

मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता सैयद कासिम रसूल इलियास ने बताया कि संयुक्त संसदीय समिति को करीब 5 करोड़ मुसलमानों ने ई-मेल के माध्यम से अपनी राय बताई, लेकिन सबकुछ नजरअंदाज कर दिया गया।उन्होंने इस बात को दोहराया कि यह विधेयक पारित हुआ तो राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा। धरने में तेलुगु देशम पार्टी और जनता दल (यू) जैसे भाजपा के सहयोगी दलों को न्योता नहीं दिया गया है। पर्सनल लॉ बोर्ड पहले 13 मार्च को धरना देने वाला था। उस दिन संसद में संभावित छुट्टी के चलते कई सांसदों ने अपनी उपस्थिति को लेकर असमर्थता जताई, जिसके बाद कार्यक्रम में बदलाव किया गया।

### जगदंबिका पाल बोले- ये संसद के अधिकार को चुनौती

वक्फ बिल के संशोधन के लिए जेपीसी के चेयरमैन और भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि अगर वे वक्फ संशोधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने जा रहे हैं, तो कहीं न कहीं वे देश के लोगों में नफरत पैदा करने और संसद के कानून बनाने के अधिकार को चुनौती देने की कोशिश कर रहे हैं। वे लोगों को भ्रमित करने और मतभेद पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। उनके द्वारा उठाया गया यह कदम लोकतांत्रिक नहीं है।

एजेंसी

**नई दिल्ली:** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया. प्रदर्शन में भारी संख्या में मुस्लिम स्कॉलर्स और युवाओं ने शिरकत की.ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रदर्शन में जमीयत उलेमा ए हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी, असदुद्दीन ओवैसी, टीएससी सांसद अबू ताहिर, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के सांसद ईटी बशीर, सीपीआई महासचिव सय्यद अजीज पाशा और सांसद राजा राम सिंह भी पहुंचे हैं.

नमाज रोजे की तरह वक्फ की हिफाजत भी जरूरीः ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का कहना है कि हमारे सभी मजहबी मामलों की हिफाजत की जिम्मेदारी भारत संविधान देता है. जैसे हमारे लिए नमाज और रोजा जरूरी है, वैसे ही वक्फ की हिफाजत भी जरूरी है. सरकार को चाहिए था कि वह वक्फ की जमीन को खुर्द-बुर्द करने वालों के खिलाफ एक्शन लेती, लेकिन सरकार ने वक्फ पर कब्जा करने के लिए ही कानून बना दिया. भारत को हमने ताबेदारी की बुनियाद पर कबूल नहीं किया, बल्कि वफादारी की बुनियाद पर किया है. हिन्दुस्तान किसी के बाप की जागीर नहीं है. वक्फ संशोधन बिल को लेकर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने सवाल उठाते हुए आपत्ति जताई है. मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना फजलुर रहीम मुजद्दिदी ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल संपत्तियों को नष्ट करने और हड़पने की साजिश है.

# आतंकवाद-कट्टरपंथ के खिलाफ साझा प्रयास

## निवेश के अवसर को बढ़ावा, भारत-न्यूजीलैंड ने साइन किए कई अहम समझौते

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कगा कि आज हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। हमने अपनी रक्षा और सुरक्षा साझेदारी को मजबूत और संस्थागत बनाने का निर्णय लिया है। संयुक्त अभ्यास, प्रशिक्षण के साथ-साथ रक्षा उद्योग में आपसी सहयोग के लिए रोडमैप बनाया जाएगा।



▶▶पोस्ट में उन्होंने लिखा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज हैदराबाद हाउस में न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन का गर्मजोशी से स्वागत किया. द्विपक्षीय संबंधों पर व्यापक चर्चा होगी.

एजेंसी

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने संयुक्त प्रेस वक्तव्य दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने का निर्णय लिया गया है। इससे आपसी व्यापार और निवेश की संभावनाओं को और बढ़ावा मिलेगा। डेयरी, खाद्य प्रसंस्करण और फार्मा जैसे क्षेत्रों में आपसी सहयोग और निवेश को बढ़ावा दिया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने संयुक्त प्रेस वक्तव्य दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अवैध प्रवास के मुद्दे से निपटने के लिए भारत और न्यूजीलैंड द्वारा एक समझौता तैयार करने के लिए काम किया जाएगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कगा कि आज हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। हमने अपनी रक्षा और सुरक्षा साझेदारी को मजबूत और संस्थागत बनाने का निर्णय लिया है। संयुक्त अभ्यास, प्रशिक्षण के साथ-साथ रक्षा उद्योग में आपसी सहयोग के लिए रोडमैप बनाया जाएगा। हमारी नौसेनाएं हिंद महासागर में समुद्री सुरक्षा के लिए संयुक्त टास्कफोर्स 150 में मिलकर काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने संयुक्त प्रेस वक्तव्य दिया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री लक्सन और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत में स्वागत करता हूं।

# सीतारमण ने भी रुपए का तमिल सिंबल इस्तेमाल किया :स्टालिन

## वित्तमंत्री बोली थीं- जब 'रु' बना, तब विरोध क्यों नहीं किया था

### बजट में रुपए का सिंबल बदलने को लेकर विवाद

नई शिक्षा नीति और ट्राय लैंग्वेज पॉलिसी को लेकर तमिलनाडु और केंद्र सरकार के बीच विवाद चल रहा है। इस बीच तमिलनाडु की स्टालिन सरकार ने 13 मार्च को पेश किए गए राज्य के बजट से रु का सिंबल बदलकर तमिल भाषा में कर दिया।



एजेंसी

चैन्नई, तमिलनाडु और केंद्र सरकार के बीच भाषा विवाद को लेकर बयानबाजी जारी है। हाल ही में तमिलनाडु सरकार ने स्टेट बजट में रुपए के सिंबल की जगह तमिल सिंबल का इस्तेमाल किया था। इस पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि सभी निर्वाचित प्रतिनिधि राष्ट्र की संप्रभुता-अखंडता को बनाए रखने के लिए संविधान की शपथ लेते हैं। क्षेत्रीय गौरव के लिए राष्ट्रीय प्रतीक को बांटना ठीक नहीं है।इस पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी रुपए के सिंबल 'रु' की जगह तमिल सिंबल 'रु' का उपयोग किया था। ये कोई इतना बड़ा मुद्दा नहीं है।उन्होंने अपनी सरकार का बचाव करते हुए कहा- तमिल का विरोध करने वाले इसे बढ़ा चढ़ाकर पेश कर रहे हैं। यह उनकी सरकार की तमिल भाषा के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है।दरअसल तमिलनाडु सरकार राज्य के स्कूलों में हिन्दी अनिवार्य करने का विरोध कर रही है। केंद्र सरकार का कहना है कि नई शिक्षा नीति के तहत राज्य तमिल, अंग्रेजी और हिन्दी भी पढ़ाएं।

# कांग्रेस-टीएमसी का राज्यसभा से वॉकआउट

## डुप्लीकेट वोटर आईडी पर चर्चा नहीं होने से नाराज; कांग्रेस बोली- रेलवे वेंटिलेटर पर, रील बनाने से नहीं सुधरेगा

गुजरात सरकार ने भारत-पाक सीमा से 1 किमी के दायरे में एनर्जी प्रोजेक्ट के लिए अडाणी ग्रुप को 25 हजार हेक्टेयर जमीन दी है। कांग्रेस सांसद ने सवाल किया कि क्या इस प्रोजेक्ट को कोई छूट दी गई थी। इस पर सरकार ने कहा कि केंद्र, राज्य और संबंधित एजेंसियों से मंजूरी मिलने के बाद किसी ही प्रस्ताव को मंजूरी और लाइसेंस दिए जाते हैं।



एजेंसी

नई दिल्ली , बजट सत्र के दूसरे फेज का सोमवार को चौथा दिन है। तृणमूल कांग्रेस , कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियों के 10 सांसदों ने मांग की कि सदन की दिनभर की कार्यवाही रोकी जाए और डुप्लीकेट वोटर आईडी पर चर्चा हो। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने इससे इनकार कर दिया। इसके विरोध में कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस ने राज्यसभा से वॉकआउट किया। लोकसभा में महाराष्ट्र से कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ ने लोकसभा में रेल मंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब कोई सार्वजनिक उपक्रम वेंटिलेटर पर हो, तब इंस्टाग्राम रील बनाने से कुछ नहीं होता। यह सरकार के खराब प्रबंधन का असर है।वर्षा गायकवाड़ अनुदान की मांगों पर चर्चा में हिस्सा ले रही थीं। उन्होंने ये भी कहा कि दावा किया जाता है कि रेल बजट में अभूतपूर्व बदलाव किए गए, जबकि ये गलत है। सच ये है कि ये फेल बजट है। मौजूदा सरकार यही नैरेटिव बनाने की कोशिश करती है कि हर विकास 2014 के बाद हुआ। जबकि तथ्य ये हैं कि पब्लिक सेक्टर के उपक्रम खराब स्थिति में हैं।बजट सत्र के दूसरे फेज के तीनों दिन (10, 11, 12 मार्च) सांसदों ने नेशनल एजुकेशन पॉलिसी और ट्राई-लैंग्वेज को लेकर खूब हो-हल्ला किया। कांग्रेस ने गुजरात में भारत-पाक बॉर्डर पर अडाणी ग्रुप के रिन्युएबल एनर्जी प्रोजेक्ट को मंजूरी दिए जाने पर सवाल उठाया था। कांग्रेस ने इसे देश की सुरक्षा के लिए खतरा बताया था।

# बहुत जल्द मेड इन बिहार लोकोमोटिव का निर्यात होगा : रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव

▶▶बिहार में सारण के मढौरा में, इस फैक्टरी में बने करीब 100 लोकोमोटिव का बहुत जल्द निर्यात शुरू होने वाला है। मेड इन बिहार लोकोमोटिव दुनिया में जाने वाला है। इस घोषणा का सदस्यों ने मेजें थपथपा कर स्वागत किया।



एजेंसी

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को राज्यसभा में घोषणा की कि बिहार के मढौरा स्थित रेल कारखाने में तैयार होने वाले लोकोमोटिव का बहुत जल्द निर्यात शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा, निकट भविष्य में, बिहार में जिस फैक्टरी की लालू प्रसाद जी (तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद) ने सिर्फ घोषणा की थी, काम नहीं किया...2014 से उस फैक्टरी पर काम चालू किया गया।बिहार में सारण के मढौरा में, इस फैक्टरी में बने करीब 100 लोकोमोटिव का बहुत जल्द निर्यात शुरू होने वाला है।

# पेट्रोल-डीजल की कीमतों से जनता को लूट रही है सरकार: खरगे

पॉडकास्ट कर मोदी जी जनता को केवल मन की बात सुनाते हैं तेल के खेल में उलझा कर महंगाई के आंसू रुलाते हैं। उन्होंने कहा, मई 2014 से अब तक 34 प्रतिशत गिरा कच्चा तेल, 10 साल में 36 लाख करोड़ रुपये का कर वसूली खेल।



एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पेट्रोल एवं डीजल की कीमतें न घटाकर जनता को लूट रही है।खरगे ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में लगातार गिरावट आ रही है, लेकिन सरकार पेट्रोल और डीजल की कीमतों कम नहीं कर रही है। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया,कच्चे तेल की क ीमत रही है लगातार लुढ़क, पेट्रोल-डीजल की कीमतों को न घटा मोदी सरकार जनता को लूट रही बेधड़क। लंबे-लंबे एकतरफा पॉडकास्ट कर मोदी जी जनता को केवल मन की बात सुनाते हैं तेल के खेल में उलझा कर महंगाई के आंसू रुलाते हैं। उन्होंने कहा,मई 2014 से अब तक 34 प्रतिशत गिरा कच्चा तेल, 10 साल में 36 लाख करोड़ रुपये का कर वसूली खेल।

# नीतीश कटारा हत्याकांडः दोषी की सजा माफी में देरी

## दिल्ली सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया अवमानना का नोटिस

सुखदेव यादव उर्फ पहलवान, जिसे 2002 के बहुचर्चित नीतीश कटारा हत्याकांड में दोषी ठहराया गया था, बिना किसी छूट के 20 साल जेल में काट चुका है। उसने कुछ शर्तों के तहत छूट की अनुमति देने वाले कानूनी प्रावधानों का हवाला देते हुए जल्दी रिहाई की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।



एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने नीतीश कटारा हत्याकांड के दोषियों में से एक सुखदेव यादव उर्फ पहलवान की माफी याचिका पर फैसला न लेने पर दिल्ली सरकार के प्रधान सचिव (गृह) को अवमानना नोटिस जारी किया। अदालत ने अधिकारी को यह बताने का निर्देश दिया है कि उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही क्यों न शुरू की जाए और 28 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में पेश होने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि जब तक अवमानना कार्यवाही का खतरा नहीं मंडराता, तब तक सरकारी अधिकारी लंबित मामलों पर कार्रवाई नहीं करते।

अनुमति

## एससी ने पीड़िता के माता-पिता को कलकत्ता एचसी जाने की दी अनुमति

# आरजी कर बलात्कार-हत्या मामला: नए सिरे से सीबीआई जांच की याचिका खारिज

एजेंसी

नयी दिल्ली। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल बलात्कार-हत्या मामले में एक नए घटनाक्रम में सुप्रीम कोर्ट ने पीड़िता के माता-पिता को कलकत्ता उच्च न्यायालय जाने की अनुमति दे दी है। पूरा मामला कोलकाता स्थित चिकित्सा संस्थान के परिसर में एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुखद बलात्कार और हत्या से संबंधित है। भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता, पीड़िता के माता-पिता, कलकत्ता उच्च न्यायालय के समक्ष अपनी याचिका को आगे बढ़ाने के लिए स्वतंत्र हैं।

अदालत ने इस स्तर पर नए सिरे से सीबीआई जांच के लिए कोई निर्देश जारी करने से परहेज किया और आगे के विचार के लिए कानूनी पाठ्यक्रम को राज्य न्यायपालिका को वापस भेज दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता करुणा नंदी ने पीड़िता के परिवार का प्रतिनिधित्व किया। सीबीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने एजेंसी का पक्ष रखा। इस महीने की शुरूआत में पीड़िता के लिए न्याय की मांग को लेकर कोलकाता में दो रैलियां आयोजित की गई थीं। जघन्य अपराध के सात महीने पूरे होने के उपलक्ष्य में नागरिक समाज के एक वर्ग द्वारा आयोजित रैलियों में 1 मार्च को विरोध प्रदर्शन के दौरान शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु के वाहन की चपेट में आने से जादवपुर विश्वविद्यालय परिसर में एक छात्र के घायल होने की भी निंदा की गई। दोनों रैलियां हाजरा क्रॉसिंग और एस्प्लेनेड से शुरू होकर रवींद्र सदन में एकत्रित हुईं।




पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता, पीड़िता के माता-पिता, कलकत्ता उच्च न्यायालय के समक्ष अपनी याचिका को आगे बढ़ाने के लिए स्वतंत्र हैं। अदालत ने इस स्तर पर नए सिरे से सीबीआई जांच के लिए कोई निर्देश जारी करने से परहेज किया और आगे के विचार के लिए कानूनी पाठ्यक्रम को राज्य न्यायपालिका को वापस भेज दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता करुणा नंदी ने पीड़िता के परिवार का प्रतिनिधित्व किया। सीबीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने एजेंसी का पक्ष रखा।

रैलियों में भाग लेने वालों ने मांग की कि पोस्ट-ग्रेजुएट ट्रेनी डॉक्टर के बलात्कार और हत्या में शामिल सभी लोगों को सीबीआई द्वारा न्याय के कटघरे में लाया जाए,

जो कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर अपराध की जांच कर रही है। पूर्व नागरिक स्वयंसेवक संजय रॉय को डॉक्टर के जघन्य बलात्कार और हत्या के मामले में दोषी पाए जाने के बाद यहां सियालदह सत्र न्यायालय ने अपने प्राकृतिक जीवन के अंत तक कारावास की सजा सुनाई है।

हालांकि, केंद्रीय एजेंसी मामले की जांच जारी रखे हुए है। पीड़िता के माता-पिता ने दावा किया है कि इस अपराध में अन्य लोग भी शामिल थे तथा उन्होंने मांग की है कि इस अपराध में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल सभी लोगों को सजा दी जाए।

# देश में किसी को भी गाय के बारे में बोलने की इजाजत नहीं: शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद



शंकराचार्य ने पुलिस के रवैये पर नाराजगी जताते हुए कहा, उन्होंने रास्ते को पुलिस के ट्रक से बंद कर दिया है। हम उन्हें (पुलिस) लगातार अनुरोध कर रहे हैं, लेकिन वे हमें आगे नहीं जाने दे रहे।

एजेंसी

नयी दिल्ली। ज्योतिर्मठ शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने सोमवार को कहा कि देश में किसी को भी गौ संरक्षण की बात नहीं करने दिया जाता, ऐसा करने पर उसे तुरंत रोक दिया जाता है। उत्तराखंड स्थित पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने यह टिप्पणी तब की जब दिल्ली पुलिस ने उन्हें यहां नरेला में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के कार्यालय की ओर जाने से रोक दिया। शंकराचार्य ने इससे पहले घोषणा की थी कि वे 17 मार्च को दिल्ली में सभी राजनीतिक दलों के कार्यालयों का दौरा करेंगे और गोहत्या के मुद्दे पर चर्चा करेंगे। पुलिस द्वारा भाकपा कार्यालय की ओर जाने वाली सड़क को अवरुद्ध किये जाने के बाद शंकराचार्य ने कहा, इस देश में किसी को भी गोरक्षा की बात नहीं करने दिया जाता।

अगर कोई ऐसा करता है, तो उसे तुरंत रोक दिया जाता है...मैं यह बात सभी के ध्यान में लाना चाहता हूं। शंकराचार्य ने पुलिस के रवैये पर नाराजगी जताते हुए कहा, उन्होंने रास्ते को पुलिस के ट्रक से बंद कर दिया है। हम उन्हें (पुलिस) लगातार अनुरोध कर रहे हैं, लेकिन वे हमें आगे नहीं जाने दे रहे।

# परिसीमन की कसौटी, शासन गुणवत्ता और विशिष्ट संस्कृति क्षेत्र भी आधार बनाए जा सकते हैं

> परिसीमन का मुद्दा केवल राजनीतिक कारणों से विवाद में है। ऐसी चिंता दूर करने के लिए आम सहमति बनाने के प्रयास होते रहे हैं। इसके लिए संवैधानिक समीक्षा पैनल की स्थापना की जा सकती है। जनसंख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व कारकों के बारे में वैकल्पिक विचार पर चिंतन जरूरी है। जनअपेक्षा है कि सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष तथ्य-तर्क के आधार पर ही श्रेष्ठ नतीजे पर पहुंचेंगे।




लोकसभा सीटों के परिसीमन पर बहस जारी है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा है कि परिसीमन जनसंख्या के आधार पर ही नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि इससे दक्षिण के राज्यों को नुकसान होगा। गृहमंत्री अमित शाह ने आश्वासन दिया है कि परिसीमन प्रक्रिया से दक्षिणी राज्यों को नुकसान नहीं होगा और सरकार किसी भी राज्य के साथ अन्याय नहीं होने देगी ।उन्होंने सीटों में वृद्धि होने पर उचित हिस्सेदारी का वादा किया है। फिर भी वाक्युद्ध जारी है। परिसीमन संवैधानिक उत्तरदायित्व है। संविधान के अनुच्छेद 82 में उल्लिखित है, प्रत्येक जनगणना के बाद राज्यों को लोकसभा में स्थानों के आवंटन और प्रत्येक राज्य के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों में विभाजन को ऐसे प्राधिकारी द्वारा और ऐसी रीति से पुनः समायोजन किया जाएगा जो संसद विधि द्वारा अवधारित करे ।संविधान में जनसंख्या को ही सीटों के निर्धारण का मुख्य आधार बताया गया है। इसीलिए प्रत्येक जनगणना के बाद परिसीमन का प्रविधान है। परिसीमन का कार्य जनसंख्या परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं को पुनः समायोजित करना एवं विभिन्न क्षेत्रों के बीच सीटों का समान वितरण सुनिश्चित करना है। संबंधित कानून के अनुसार परिसीमन कार्य के लिए एक आयोग का गठन किया जाता है ।अब तक चार बार इस आयोग का गठन हो चुका है। 1976 में संशोधन अधिनियम द्वारा सन 2000 तक लोकसभा सीट आवंटन और निर्वाचन क्षेत्र विभाजन को 1971 के स्तर पर स्थिर कर दिया था। लोकसभा की राज्यवार संरचना में परिवर्तन लाने वाला परिसीमन वर्ष 1976 में हुआ था। यह 1971 की जनगणना के आधार पर किया गया था। फिर 2001 में इसे 2026 तक 25 साल के लिए बढ़ा दिया गया था ।2003 में निर्वाचन क्षेत्र की संख्या में परिवर्तन किए बिना 2001 की जनगणना के आधार पर परिसीमन की कार्रवाई चली थी। कम आबादी वाले राज्यों को जनसंख्या आधारित परिसीमन प्रक्रिया से अलग किया गया। केवल जनसंख्या आधारित परिसीमन पर्याप्त नहीं है। भौगोलिक कारक भी महत्वपूर्ण हैं। देश के कई राज्यों में संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों का आकार बहुत बड़ा है ।कोई पूर्णकालिक सांसद भी अपने क्षेत्र का दौरा पूरे साल में भी नहीं कर सकता। परिसीमन का कार्य केवल जनसंख्या के अनुसार सीटों का पुनः संयोजन ही नहीं है। कायदे से यह देखा जाना चाहिए कि क्या लोकसभा की सीटें घटाने या बढ़ाने से संसदीय कार्यवाही की गुणवत्ता बढ़ेगी? क्या इस परिसीमन से देश की विकास दर बढ़ेगी? क्या परिसीमन की कसरत से जनप्रतिनिधि का कार्य सरल होगा? लोकसभा की सीटें बढ़ा या घटा देने से व्यवस्था में किसी बड़े परिवर्तन की उम्मीद नहीं की जा सकती। बेशक जनसंख्या ही जनप्रतिनिधित्व का आधार है। यह सब जानते हुए भी जनसंख्या आधारित परिसीमन पर स्टालिन हमलावर हैं, लेकिन उन्होंने भी जनसंख्या आधारित परिसीमन की ही मांग की है ।उनके अनुसार 1971 की जनगणना का आंकड़ा ही मार्गदर्शी होना चाहिए ।उनकी सारी चिंताएं राजनीतिक हैं। उनका गुस्सा भी राजनीतिक है और मांगें भी। एक विचार यह भी है कि 1971 की जनगणना के आधार पर सीटों की संख्या स्थिर करने का उद्देश्य जनसंख्या नियंत्रण प्रोत्साहन था। जनसंख्या आधारित परिसीमन संविधान की अपेक्षा है, लेकिन अधिक जनसंख्या हमेशा भार ही नहीं होती। जनशक्ति राष्ट्रीय उत्पादन को बढ़ाती है ।आदर्श प्रतिनिधित्व समय की मांग है। इसके लिए जनसंख्या के साथ ही विकास सूचकांक, अर्थव्यवस्था को गति देने वाले समूह और शासन की गुणवत्ता भी विचारणीय विषय हो सकते हैं। विशिष्ट संस्कृति वाले क्षेत्र भी आधार बनाए जा सकते हैं। जनप्रतिनिधित्व लोकतंत्र का आत्मा है। लगभग 15 से 20 लाख मतदाता लोकसभा के लिए अपना प्रतिनिधि चुनते हैं ।लोकसभा में सीटों का आवंटन राज्य के मतदाताओं की संख्या के आधार पर होना चाहिए। वंचित वर्ग तमाम अभाव में जीवन यापन करते हैं। संवैधानिक प्रविधानों के अनुसार एससी-एसटी के लिए आरक्षित सीटों का आवंटन भी परिसीमन आयोग की जिम्मेदारी है। जनसंख्या में बदलाव का प्रभाव पड़ता है। परिसीमन आयोग संवैधानिक संस्था है। यह निर्वाचन आयोग के साथ काम करता है। बहुत संभव है कि कुछ दलों को आयोग का निर्णय कम अच्छा लगे। बावजूद इसके लोकसभा के लिए सीटों का समायोजन महत्वपूर्ण हैऐसे मामलों में राजनीतिक बयानबाजी उचित नहीं होती। यहां इस या उस राज्य में सीटों का घटना-बढ़ना महत्वपूर्ण नहीं है। किसी दल या समूह की चुनाव संभावना भी देखना नहीं है। महत्वपूर्ण बात है राष्ट्रीय एकता और अखंडता, लेकिन यह सब जानते हुए भी उत्तर दक्षिण की अलगाववादी बयानबाजी जारी है। संघीय ढांचे को खतरा बताया जा रहा है। राष्ट्र को नुकसान पहुंचाने वाली बातें की जा रही हैं ।वर्ष 1913 से अमेरिकी हाउस आफ रिप्रेजेंटेटिव्स में सीटों की संख्या 435 तक सीमित रही है। अमेरिका में भी हर जनगणना के बाद परिसीमन होता है। समान अनुपात की विधि से राज्यों के बीच सीटों का समायोजन होता है। वर्ष 2020 की जनगणना के आधार पर पुनः समायोजन हुआ, लेकिन 37 राज्यों की सीटों की संख्या में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। अमेरिकी राज्य भारतीय राज्यों से भिन्न हैं ।अमेरिका राज्यों के समझौते से बना राष्ट्र राज्य है और भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र। 720 सदस्यों वाली यूरोपीय संघ संसद में सीटों की संख्या को 27 सदस्य देशों के बीच विभाजित किया गया है। जनसंख्या बढ़ने पर सीटों की संख्या का अनुपात बढ़ता है। डेनमार्क में 4 लाख की औसत आबादी और जर्मनी में 8.6 लाख की औसत आबादी पर जनप्रतिनिधि बनते हैं ।परिसीमन का मुद्दा केवल राजनीतिक कारणों से विवाद में है। ऐसी चिंता दूर करने के लिए आम सहमति बनाने के प्रयास होते रहे हैं। इसके लिए संवैधानिक समीक्षा पैनल की स्थापना की जा सकती है। जनसंख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व कारकों के बारे में वैकल्पिक विचार पर चिंतन जरूरी है। जनअपेक्षा है कि सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष तथ्य-तर्क के आधार पर ही श्रेष्ठ नतीजे पर पहुंचेंगे।

## सम्पादकीय

### पीएम मोदी ने पाकिस्तान को दिखाया आईना, पाक सही रास्ते पर चलने के लिए तैयार नहीं

भारत इसकी अनदेखी नहीं कर सकता कि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर और पंजाब में अशांति फैलाने की अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। यह भी किसी से छिपा नहीं कि उसके अवैध कब्जे वाले भारतीय भूभाग में आतंकियों के अड्डे चल रहे हैं। चूंकि पाकिस्तान अभी भी अपने आतंकी ढांचे के जरिये भारत को क्षति पहुंचाने की कोशिश करता रहता हैएक ऐसे समय जब पाकिस्तान असंतोष, अराजकता और अस्थिरता से ग्रस्त है तब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह उल्लेख कर बिल्कुल सही किया कि उन्होंने इस पड़ोसी देश से शांतिपूर्ण संबंध कायम करने के लिए अनेक प्रयास किए थे, लेकिन वहां के शासकों ने मित्रता की इस पहल को समझने से इनकार करते हुए भारत को हर बार धोखा देने का ही काम किया ।जाने-माने कंप्यूटर विज्ञानी लेक्स फ्रीडमैन के साथ पाडकास्ट में प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान को जो आईना दिखाया, उसकी आवश्यकता इसलिए भी थी, क्योंकि वह अभी भी पुराने रास्ते पर चल रहा है। हालांकि इसके नतीजे में उसका नुकसान ही हो रहा है, लेकिन वह अपनी भूलों को समझने और सही रास्ते पर चलने के लिए तैयार नहीं ।वह भारत को नीचा दिखाने की सनक से इस हद तक ग्रस्त है कि यह भी नहीं देख पा रहा है कि उसकी सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दुर्दशा बढ़ती चली जा रही है और अंतरराष्ट्रीय पटल पर उसे हर दिन फजीहत का सामना करना पड़ रहा है ।एक समय वह हर क्षेत्र में भारत का मुकाबला करने की कोशिश करता था, लेकिन आज वह मुकाबले से ही बाहर हो गया है। प्रधानमंत्री ने यह सही कहा कि एक न एक दिन पाकिस्तान को सद्बुद्धि आएगी, लेकिन यह कहना कठिन है कि ऐसा कब होगा। जब तक ऐसा नहीं होता तब तक भारत को पाकिस्तान से सतर्क रहना होगा ।यह सही है कि पाकिस्तानी जनता का एक बड़ा वर्ग अपने शासकों की भूलों का आभास करने लगा है, लेकिन इसके बावजूद पाकिस्तानी सेना और उसकी खुफिया एजेंसी भारत विरोधी रवैये का परित्याग करने के लिए तैयार नहीं। यदि पाकिस्तान अनेक संकटों से दो चार होने के बावजूद भी भारत से राजनयिक संबंध सामान्य करने और व्यापार करने के लिए तैयार नहीं हो रहा है तो इससे उसके शासकों के बैर भाव का ही पता चलता है ।भारत इसकी अनदेखी नहीं कर सकता कि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर और पंजाब में अशांति फैलाने की अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। यह भी किसी से छिपा नहीं कि उसके अवैध कब्जे वाले भारतीय भूभाग में आतंकियों के अड्डे चल रहे हैं। चूंकि पाकिस्तान अभी भी अपने आतंकी ढांचे के जरिये भारत को क्षति पहुंचाने की कोशिश करता रहता है और भारत में अलगाववादी तत्वों की मदद करता रहता है ।

## आज का विचार







**मेष राशि :** मेष राशि के जातकों को कल कोई बड़ी उपलब्धि मिल सकती है. आपकी कला कौशल में निखार आएगा. आप अपने कामों में पुरी मेहनत से आगे बढ़ेंगे. आपको अपने विरोधियों से सावधान रहने की आवश्यकता है.

**वृषभ राशि :** वृषभ राशि के जातकों के मन में ईर्ष्या द्वेष की भावना बनी रहेगी, जो आपकी टेंशन को बढ़ाएगी. रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूत आएगी. प्रेम व सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी. आपको किसी बात को लेकर बेवजह क्रोध करने से बचना होगा.

**मिथुन राशि :** मिथुन राशि के जातकों के चारों ओर का वातावरण आनंदमय रहेगा. आपको इसके बाद खुशखबरी सुनने को मिलेगी. आपका जीवन स्तर भी पहले से बेहतर रहेगा. आप शौक मौज की चीजों पर अच्छा खासा धन खर्च करेंगे. पारिवारिक समस्याओं को आप मिलकर दूर करने की कोशिश करें.

**कर्क राशि :** कर्क राशि के जातको के रचनात्मक प्रयास बेहतर रहेंगे. आप अपने करीबियों का भरोसा आसानी से जीत पाएंगे. कार्यक्षेत्र में आपसी वाद विवाद लगे रहेंगे. आप अपने कामों में कोई बदलाव कर सकते हैं. जीवनसाथी की भावनाओं का आपको सम्मान करना होगा.

**सिंह राशि :** सिंह राशि के जातकों के लिए कल दिन कानूनी मामले में पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा. विदेशो से व्यापार कर रहे लोगों में सक्रियता बढ़ेगी. आपको किसी बात को लेकर बेवजह क्रोध नहीं करना है.

**कन्या राशि :** कन्या राशि के जातकों के लिए कल दिन सुखमय रहने वाला है. आपका कोई महत्वपूर्ण लक्ष्य पूरा होगा. परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है. आपको अपने परिजनों का पूरा सहयोग मिलेगा.

**तुला राशि :** तुला राशि के जातकों को शासन व सता का पूरा लाभ मिलेगा. लेनदेन पहले से बेहतर रहेंगे. आपका विश्वास भरपूर रहेगा. आपको कार्य क्षेत्र में प्रमोशन मिलने से खुशी होगी. आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा. आप किसी बात को लेकर बेवजह क्रोध न करें.

**वृश्चिक राशि :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए कल दिन भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है आपसी सहयोग की भावना मन मे बनी रहेगी. विभिन्न योजनाओं को गति मिलेगी. उच्च शिक्षा की मार्ग प्रशस्थ होगे. पुण्य कार्यों में वृद्धि होगी.

**धनु राशि :** धनु राशि के जातकों को किसी वाद विवाद से दूर रहने की आवश्यकता है. आप अपने कामों में पूरे नीति नियम बनाए रखें और परिवार के किसी सदस्य को यदि आप कोई सलाह देंगे, तो वह उस पर अमल अवश्य करेंगे.

**मकर राशि :** मकर राशि के जातकों के लिए कल दिन किसी कानूनी मामले में अच्छा रहने वाला है. आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी. परिवार के सदस्यों में यदि कटुता आ गई थी, तो वह भी दूर होगी. दांपत्य जीवन पहले से बेहतर रहेगा, क्योंकि जीवनसाथी आपकी बातों को समझेंगे.

**कुंभ राशि :** कुंभ राशि के जातकों के लिए दिन अपने कामों पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा. आपको अपने डेली रूटीन को बेहतर बनाए रखना होगा और कार्य राजनीति में कार्यरत लोगों को विपक्षियों से सावधान रहना होगा. आप कार्य क्षेत्र में अनुशासन से काम करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा.

**मीन राशि ;** मीन राशि के जातकों के घर परिवार में खुशियां आएंगी. किसी भूमि व मकान की खरीदारी कर सकते हैं. भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी. जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा. माताजी को किसी शारीरिक समस्या के आने से आपको भागदौड़ अधिक रहेगी. आपको बेवजह किसी बात को लेकर वाद विवाद में पढ़ने से बचना होगा. आप जल्दबाजी में कोई निर्णय न ले, नहीं तो बाद में उसके लिए आपको पछतावा होगा.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# सपने सीमाओं से परे, एमबीबीएस दुविधा

विजय गर्ग



भारत आईआईएमएस, जेआईपीएमईआर और अन्य शीर्ष सरकारी मेडिकल कॉलेजों जैसे प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों का घर है जो विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करते हैं और दुनिया के कुछ बेहतरीन डॉक्टरों के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध हैं। फिर भी, हर साल, हजारों भारतीय छात्र अपने सपनों को प्राप्त करने के लिए विदेशों में अपने एमबीबीएस डिग्री का पीछा करते हैं, हालांकि इस खोज में सफल होने के लिए कई संघर्ष करते हैं। इसी तरह अमित की कहानी है, जो कि मलोट का एक 18 वर्षीय है, जिसने हमेशा डॉक्टर बनने का सपना देखा था। चिकित्सा क्षेत्र में एक दूर के रिश्तेदार से प्रेरित होकर, वह उसी पथ का पालन करने के लिए दृढ़ था। हालांकि, एनईईटी (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश द्वार) में 720 में से 605 स्कोर करने के बाद, उन्होंने खुद को एक कठिन चौराहे पर पाया। उनका स्कोर, हालांकि सराहनीय है, भारत में एक सरकारी चिकित्सा सीट को सुरक्षित करने के लिए पर्याप्त नहीं था। वैकल्पिक निजी मेडिकल कॉलेजों ने अपने परिवार की वित्तीय पहुंच से बहुत परे, अत्यधिक ट्यूशन फीस की मांग की। अविभाजित, अमित ने विदेशों में विकल्पों का पता लगाया और ऋण की मदद से एक प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज में प्रवेश प्राप्त किया। जैसे ही वह अपने आजीवन सपने का पीछा करने लगा था, भाग्य ने एक दुखद मोड़ लिया। अपने छात्रावास और कॉलेज के बीच आने के दौरान, वह एक घातक दुर्घटना के साथ मिला, जिससे उनके होनहार भविष्य को कम कर दिया गया। उनके असामयिक निधन ने उनके परिवार को चकनाचूर कर दिया, जिससे उन्हें अकल्पनीय दुःख हो गया। अमित की तरह, हजारों भारतीय छात्रों को हर साल एक ही दुविधा का सामना करना पड़ता है। जबकि सरकारी मेडिकल कॉलेज एक सस्ती कीमत पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हैं, उनके पास बेहद सीमित सीटें हैं। नतीजतन, जो छात्र एक सरकारी सीट को सुरक्षित करने में विफल रहते हैं, उन्हें निजी मेडिकल कॉलेजों के लिए चुनने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। नतीजतन, कई रूस, चीन, यूक्रेन, फिलीपींस और कजाकिस्तान जैसे देशों में अवसर चाहते हैं, जहां चिकित्सा शिक्षा काफी अधिक सस्ती है। यह बढ़ती प्रवृत्ति एक महत्वपूर्ण सवाल उठाती है: भारतीय छात्रों को अवसरों के लिए अपनी मातृभूमि से परे कब तक देखना चाहिए, और इस दबाव के मुद्दे को संबोधित करने के लिए क्या किया जा सकता है? आँकड़े चौंका देने वाले हैं।2024 में, 23 लाख से अधिक छात्र एनईईटी के लिए दिखाई दिए, जो लगभग 1 लाख एमबीबीएस सीटों के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। इनमें से, केवल लगभग 50,000 सीटें सरकारी कॉलेजों में उपलब्ध थीं, जिससे प्रवेश अत्यधिक प्रतिस्पर्धी हो गया। जो लोग याद करते हैं, उनके लिए निजी संस्थान एकमात्र विकल्प बने हुए हैं। हालांकि, भारत में एक निजी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की डिग्री की लागत ?50 लाख से 1.5 करोड़ तक है, जो अधिकांश मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए अप्रभावी राशि है। इसके विपरीत, रूस या यूक्रेन जैसे देशों में विदेशों में अध्ययन करने की लागत 20-30 लाख है, जिसमें ट्यूशन और रहने वाले खर्च शामिल हैं, जिससे यह अधिक व्यवहार्य विकल्प है। रूस, यूक्रेन, चीन और फिलीपींस जैसे देश भारतीय छात्रों को सस्ती और गुणवत्ता वाली चिकित्सा शिक्षा प्रदान करते हैं। ये विश्वविद्यालय भारत के निजी संस्थानों की तुलना में अंग्रेजी-मध्यम पाठ्यक्रम, उन्नत बुनियादी ढांचा और कम ट्यूशन फीस प्रदान करते हैं। जबकि एनईईटी योग्यता भारतीय छात्रों के लिए अनिवार्य है जो भारत में अभ्यास करना चाहते हैं, कई विदेशी विश्वविद्यालय कम स्कोर वाले छात्रों को स्वीकार करते हैं, जिससे उन्हें अपनी चिकित्सा आकांक्षाओं को प्राप्त करने का दूसरा मौका मिला। ह्वविदेश में अध्ययन करते समय एक विकल्प प्रदान करता है, यह भाषा बाधाओं, मान्यता के मुद्दों और लाइसेंसिंग परीक्षा कठिनाइयों जैसी चुनौतियों को प्रस्तुत करता है। इसे हल करने के लिए, भारत को अपनी चिकित्सा शिक्षा बुनियादी ढांचे को मजबूत करना चाहिए, निजी कॉलेज की फीस को विनियमित करना चाहिए, और छात्रों को लौटाने के लिए बेहतर समर्थन प्रदान करना चाहिए ।तभी आकांक्षी डॉक्टर भारत की सीमाओं के भीतर अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं, जिससे अन्यत्र अवसरों की आवश्यकता कम हो जाती है। इसके अतिरिक्त, कंसल्टेंसी एजेंसियां ??आक्रामक रूप से विदेशी चिकित्सा संस्थानों का विपणन करती हैं, एक सुचारू प्रवेश प्रक्रिया और सस्ती शिक्षा का वादा करती हैं, जिससे विदेश में अध्ययन की प्रवृत्ति को आगे बढ़ाया जाता है। हालांकि, विदेशों में चिकित्सा शिक्षा का पीछा करना अपनी चुनौतियों के साथ आता है। एक प्रमुख बाधा भाषा बाधा है, गैर-अंग्रेजी बोलने वाले देशों में छात्र अक्सर स्थानीय भाषा में महारत हासिल करने के लिए संघर्ष करते हैं, जो नैदानिक ??प्रशिक्षण के दौरान प्रभावी रोगी बातचीत के लिए महत्वपूर्ण है। चीन, रूस और यूक्रेन जैसे देशों को विदेशी छात्रों को प्रभावी ढंग से रोगियों के साथ संवाद करने के लिए अपनी मूल भाषाओं को सीखने के लिए आवश्यकता होती है। विदेश में एमबीबीएस पूरा करने के बाद एक और महत्वपूर्ण चुनौती उत्पन्न होती है, भारतीय छात्रों को भारत में अभ्यास करने के लिए विदेशी चिकित्सा स्नातक परीक्षा (एफएमजीई) को पारित करना होगा। एफएमजीई के पास एक कुख्यात कम पास दर है, केवल 10-20% छात्रों ने इसे अपने पहले प्रयास में साफ किया, जिससे उनके पेशेवर भविष्य में अनिश्चितता हो गई। इन चुनौतियों के बावजूद, विदेशी चिकित्सा शिक्षा की सामर्थ्य भारतीय छात्रों को आकर्षित करने के लिए जारी है। इस प्रवृत्ति के दूरगामी निहितार्थ हैं, न केवल भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को प्रभावित करते हैं, बल्कि मस्तिष्क की नाली में भी योगदान देते हैं, क्योंकि कई छात्र बेहतर कैरियर की संभावनाओं के कारण विदेश में बसने का विकल्प चुनते हैं। जबकि कुछ अपनी डिग्री पूरी करने के बाद भारत लौटते हैं, वैश्विक जोखिम और उन्नत तकनीकों को लाते हैं, कुशल पेशेवरों का नुकसान एक चिंता का विषय है। सार्वजनिक मेडिकल कॉलेजों के विस्तार के माध्यम से किफायती चिकित्सा सीटों की संख्या बढ़ाकर इन प्रणालीगत मुद्दों को संबोधित करने के लिए सरकार के लिए घंटे की आवश्यकता है।

# भौतिकवाद में सत्य के स्वरूप की प्रासंगिकता

संजीव ठाकुर

यह कहावत एकदम सत्य है कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं यदि सत्य सच्चाई नहीं होती तो मानव जीवन नहीं होता क्योंकि प्रकृति, पहाड़, झरना नदिया जंगल और प्रकृति द्वारा दिए गए प्रतिशत के रूप में मानव सहित सांसारिक जीव जंतु प्राकृतिक सत्य की उत्पत्ति ह और यह भी सत्य है कि मनुष्य अपने लालच, स्पृहा, कामना, कपट के चलते असत्यता झूठ और फरेब का सहारा और त्वरित लाभ के लिए जीवन के भव सागर में कूद पड़ता है परंतु सत्य ही अंतिम सत्य हैपरंतु आज की परिस्थितियों में सच्चाई जीवन के हर पहलू से परे होती जा रही है। आज हम स्वयं दिग्भ्रमित हैं तो आने वाली पीढ़ी को हम क्या नैतिक, संस्कारिक और सांस्कृतिक विरासत दे पाएंगे ।आज के इस उत्तर आधुनिक समाज में जहां उपभोक्तावादी संस्कृति की प्रधानता के परिपेक्ष में भौतिक साधनों एवं सुखों के लक्ष्य की प्राप्ति की एकमात्र उपाय रह गई वहां भौतिकवाद तथा शारीरिक सुख की प्राप्ति का प्रचलन पूरे समाज में फैल गया है ।इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए झूठ फरेब एवं षड्यंत्र ने अपना जाल बुन रखा है प्राचीन काल से हम आध्यात्मिक, संस्कारिक, सांस्कृतिक रूप से बढ़ रहे थे पर विकास की अवधारणा ने एक नया स्वरूप ले लिया है इन परिस्थितियों में समाज के सदस्यों ने झूठ और फरेब का सहारा लेना शुरू कर दिया है भौतिकवाद सिर चढ़कर बोलने लगा है व्यक्तिगत एवं सामाजिक आत्मीय संबंधों के मूल्य का तेजी से क्षरण होने लगा है समाज के मूलभूत सिद्धांत तथा मूल्य गायब हो गए हैं। सामाजिक मूल्यों के खत्म होने की प्रक्रिया में सत्य बोलना कि एक मात्र साधन शेष रह गया है, किंतु वर्तमान समय में सच बोलना एक कठिन तप और तपस्या की तरह ही है। महात्मा गांधी के जीवन में भी उनके अध्यात्मिक दर्शन में सत्य अहिंसा मूल अवधारणा रही है उन्होंने इस सत्य को पहचाना और यह आशा प्रकट की कि यदि व्यक्तियों में सत्य के प्रति आस्था पैदा हो जाए तो सामाजिक नैतिकता का स्वं स्वयं उच्च स्तर को प्राप्त कर सकता है और सही मायने में सत्य ही मनुष्य के आचरण की ऊंचाई मानी जाती है। सत्य और अहिंसा पर चलने के लिए संयम, मनोबल, आत्मशक्ति और ऊर्जा ही एक बड़ा विकल्प है । सत्य और अहिंसा स्वाभिमान के प्रतीक है सत्य बोलने वाला मनुष्य स्वाभिमानी होता है दूसरी तरफ असत्य आत्मग्लानि का द्योतक है। कबीर दास जी ने भी सत्य को ईश्वर मानकर कईदोहों की रचना की है ।नकारात्मक व्यवहार सामाजिक स्तर पर किया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण दुर्गुण है क्योंकि इसका प्रभाव पूरे समाज एवं देश पर गंभीर परिणाम देने लगता है। झूठ बोलना और सच को नेपथ्य में धकेलना एक सबसे बड़ी सामाजिक बुराई के रूप में सामने आई है। इसीलिए सामाजिक रूप से झूठ को सबसे बड़ा पाप कहा गया है पाप इस अर्थ में कहा गया है कि यह हमें दिग्भ्रमित करके वंचित कर्तव्य एवं रोजमर्रा के आत्मीय व्यवहार से वंचित रखता है और असत्य कथन को समस्त बुराइयों अपराधों की जननी माना जाता है। हम भौतिकवादी मानसिकता से इतने अधिक ग्रसित हो गए हैं की पारिवारिक सदस्यों के बीच हमारे आत्मीय संबंध लुप्त प्राय होते जा रहे हैं और ऐसे बनावटी परिवेश में व्यक्ति तथा समाज अपनी भौतिक मानसिक विलासिता तथा सफलता के दायरे में सिमट कर रह गया है। इसकी प्राप्ति के लिए व्यक्ति अत्यंत उन्मुक्त निसंकोच तरीके से असत्य का सहारा लेने से भी नहीं चूक रहा है। भौतिक सुख साधनों की लालसा में मनुष्य में साधनों की सत्यता तथा शुद्धता फिर भी गहरा समझौता कर समाज में असामाजिक व्यवहार को अपना लिया है जिसके दूरगामी परिणाम भारतीय समाज के लिए अच्छे संकेत नहीं है।

# विकसित महाराष्ट्र का लक्ष्य हासिल करने के लिए बुनियादी ढांचे और कृषि को प्राथमिकता: अजित पवार

क्षेत्र की वृद्धि दर 2024-25 में बढ़कर 8.7 प्रतिशत तक पहुंच गई, जबकि 2023-24 में यह 3.3 प्रतिशत थी। उन्होंने कहा कि एआई प्रौद्योगिकी फसल प्रबंधन मार्गदर्शन प्रदान करेगी और उत्पादकता बढ़ाएगी।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को कहा कि महायुति सरकार ने विकसित महाराष्ट्र के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कृषि, उद्योग, रोजगार सृजन और कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दी है ।राज्य के बजट 2025-26 पर विधानसभा में चर्चा का जवाब देते हुए पवार ने कहा कि बड़े सपने देखने और बड़े विकास लक्ष्यों को हासिल करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत होती है ।अजित पवार के पास राज्य के वित्त विभाग की भी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि महायुति सरकार में ताकत और राजनीतिक इच्छाशक्ति है। उन्होंने कहा कि यदि सड़क अवसंरचना और नेटवर्क का विस्तार किया जाए, तो उद्योगों की उत्पादकता बढ़ेगी, किसानों को परिवहन पर कम खर्च उठाना पड़ेगा, ईंधन की बचत होगी और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा ।पवार ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी राज्य में कृषि को नया जीवन देगी और किसानों को समृद्ध बनाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना जारी रहेगी और अयोग्य लाभार्थियों को हस्तांतरित धन वापस नहीं लिया जाएगा ।पवार ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में कई महिलाओं ने छोटे व्यवसाय शुरू करने के लिए 1,500 रुपये का इस्तेमाल शुरूआती पूंजी के तौर पर किया है।

# औरंगजेब के चाहने वालों को फाड़ देंगे, फडणवीस से बोले टी राजा सिंह- देवा भाऊ, कब्र पर बुलडोजर चला रच दें इतिहास

महाराष्ट्र के संभाजी नगर में औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग पर बीजेपी विधायक टी राजा सिंह का बयान आया है ।उन्होंने कहा कि भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने और औरंगजेब की कब्र हटाने का संकल्प लिया है ।वहीं कांग्रेस नेताओं ने इस मांग की आलोचना की और इसे शांति भंग करने वाला बताया।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

## बीजेपी विधायक ने औरंगजेब की कब्र हटाने का आह्वान किया



मुंबई : महाराष्ट्र के संभाजी नगर में औरंगजेब की कब्र को लेकर घमासान छिड़ा है ।इसी बीच बीजेपी विधायक टी राजा सिंह का बड़ा बयान सामने आया है। सोमवार को पुणे में एक सभा के दौरान उन्होंने भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने महाराष्ट्र के खुलदाबाद में मुगल बादशाह औरंगजेब के मकबरे को हटाने का आह्वान किया। टी राजा सिंह ने कहा कि जो औरंगजेब की कब्र हटाएगा, हिंदुस्तान उसे कभी नहीं भूलेगा। इधर टी राजा सिंह की इस मांग पर कांग्रेस नेताओं ने आलोचना की है।

### 'औरंगजेब की कब्र को हटाना ही मकसद'

टी राजा सिंह ने सभा में कहा, 'महाराष्ट्र के हिंदू चाहते हैं कि औरंगजेब की कब्र राज्य से हटाई जाए। कब टूटेगी औरंगजेब की कब्र? मेरा अब बस एक ही संकल्प है- भारत को 'हिंदू राष्ट्र' बनाना और औरंगजेब की कब्र हटाना।'

### 'जहरीली तलवार की तरह औरंगजेब की कब्र'

उन्होंने आगे कहा, 'पहले महाराष्ट्र के हिंदू पूछते थे, लेकिन अब पूरे देश के हिंदू पूछ रहे हैं, 'औरंगजेब की कब्र अभी तक यहां क्यों है?' उसने अपने पिता को जेल में डाला, अपने भाइयों को मारा और हमारे मंदिरों को तोड़ा। महाराष्ट्र में उसकी कब्र एक जहरीली तलवार की तरह है।'

### 'औरंगजेब के चाहने वालों को फाड़ देंगे'

औरंगजेब के पोस्टर को फाड़ते हुए टी राजा सिंह ने कहा, 'जैसे इस पोस्टर को फाड़ा है, वैसे ही औरंगजेब के चाहने वालों को फाड़ दिया जाएगा। अब हम लोग रुकने वाले नहीं हैं, हम इतिहास रचने वाले हैं। महाराष्ट्र की धरती से जो व्यक्ति औरंगजेब की कब्र का नामोनिशान मिटाएगा, जो उसकी कब्र पर बुलडोजर चलाएगा भूतो न भविष्य, मरते दम तक महाराष्ट्र तो क्या पूरे हिंदुस्तान का हिंदू उसे नहीं भूल पाएगा। यह इतिहास रचने का समय है।

फास्ट ट्रैक

# भांडुप में श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई ,जय श्री कृष्ण सेवा संघ द्वारा भांडुप में श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन बैगनपाडा ( अयोध्या पुरी ).बी.पी.ई.एस.हाईस्कूल,प्रताप नगर रोड, भांडुप प.में किया गया ।प्रथम दिवस पर कलश यात्रा में आयोजक धर्मदेव यादव (अध्यक्ष) एवं ए.के.पांडेय (कोषाध्यक्ष),आचार्य पं.शरणागत महाराज,श्रीमती पुष्पा दूबे,सरीता चौरसिया,सुरेंद्र दूबे,राजेश सिंह,हरिनाथ यादव,अनिल गौड,रविन्द्र यादव सहित भांडुप की सैकडों महिलाओ ने हिस्सा लिया एवं ज्ञानयज्ञ स्थल पर कलश स्थापित किया गया।

# अदालत ने गौतम अदाणी, राजेश अदाणी को बाजार विनियमन उल्लंघन के मामले में बरी किया

दोनों उद्योगपतियों ने 2019 में उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की और सत्र न्यायालय के आदेश को रद्द करने की अपील की, जिसमें उन्हें मामले से बरी करने से इनकार कर दिया गया था।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी और प्रबंध निदेशक राजेश अदाणी को करीब 388 करोड़ रुपये के बाजार विनियमनों के कथित उल्लंघन के मामले से बरी कर दिया ।अदालत ने कहा कि धोखाधड़ी या आपराधिक साजिश का कोई मामला नहीं बनता है। गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) ने 2012 में अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) और इसके प्रवर्तकों गौतम अदाणी और राजेश अदाणी के खिलाफ मामला शुरू किया था ।जांच निकाय ने इन पर आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए आरोपपत्र दाखिल किया था। दोनों उद्योगपतियों ने 2019 में उच्च न्यायालय में



एक याचिका दायर की और सत्र न्यायालय के आदेश को रद्द करने की अपील की, जिसमें उन्हें मामले से बरी करने से इनकार कर दिया गया था ।न्यायमूर्ति आर एन लड्ढा की उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने सोमवार को सत्र न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया और दोनों को मामले से बरी कर दिया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि दलीलों और सबूतों का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करने से यह साफ होता है कि इसमें धोखाधड़ी का मामला नहीं बनता है ।पीठ ने आगे कहा कि जब धोखाधड़ी का अपराध ही नहीं बनता है, तो ऐसे में आपराधिक साजिश का आरोप भी टिक सकेगा। इससे पहले उच्च न्यायालय ने दिसंबर, 2019 में सत्र न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी थी और इसे समय-समय पर आगे बढ़ाया गया।

# शरद पवार ने पीएम मोदी की तारीफ में लिखा खत, बोले- महाराष्ट्र ही नहीं दुनिया के मराठी लोग कायल

☞ शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर उनकी सराहना की है ।उन्होंने पत्र में लिखा, मेरे अनुरोध को स्वीकार कर पिछले महीने दिल्ली में आयोजित 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन में उपस्थित होकर सम्मेलन का उद्घाटन किया, इसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं।




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई / पुणे : महाराष्ट्र की राजनीति में एक के बाद एक चौंकाने वाली खबर आ रही है। महा विकास अघाड़ी का हिस्सा शरद पवार घड़ी-घड़ी रंग बदल रहे हैं। अब एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक चिट्ठी लिखी है ।इस चिट्ठी में उन्होंने मोदी जी की जमकर तारीफ की है ।मोदी जी 21 फरवरी को दिल्ली के विज्ञान भवन में 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए थे। शरद पवार ने इसके लिए उन्हें धन्यवाद दिया है।

शरद पवार ने मोदी जी से एक और खास अनुरोध किया है ।उन्होंने कहा है कि दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में मराठा योद्धाओं पेशवा बाजीराव प्रथम, महादजी शिंदे और मल्हारराव होल्कर की घुड़सवारी वाली मूर्तियां लगवाई जाएं। यह तीन दिवसीय साहित्यिक समारोह इसी स्टेडियम में हुआ था।

एनसीपी चीफ पवार अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन के स्वागत समिति के अध्यक्ष थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका निमंत्रण स्वीकार किया और सम्मेलन का उद्घाटन किया ।उन्होंने मराठी भाषा का सम्मान भी किया। शरद पवार ने 11 मार्च को लिखे अपने पत्र में कहा, 'आपके नेतृत्व में यह साहित्यिक उत्सव ऐतिहासिक बन गया ।सम्मेलन में आपके दिए गए ज्ञानवर्धक भाषण ने महाराष्ट्र समेत देश और दुनिया के मराठी लोगों को प्रभावित किया। उद्घाटन समारोह के दौरान मेरे प्रति अपना विशेष प्रेम दिखाने के लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं ।'पिछले साल लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान मोदी और पवार ने एक-दूसरे की आलोचना की थी। लेकिन, इस समारोह में दोनों एक मंच पर दिखे। मोदी जी ने 84 वर्षीय पवार के लिए कुर्सी पकड़ी और उन्हें बैठने में मदद की। भाषण के बाद उन्हें पानी का गिलास भी दिया। इससे लोग काफी प्रभावित हुए।

## तीन मराठा योद्धाओं की मूर्ति लगाने की अपील

पवार ने लिखा, 'उद्घाटन समारोह के दौरान मेरे प्रति आपके स्नेह को दशार्ने वाले आपके इस कृत्य की मैं सचमुच सराहना करता हूं।' तीन मराठा योद्धाओं के तालकटोरा स्टेडियम से ऐतिहासिक संबंध का जिक्र करते हुए पवार ने कहा, 'यह स्थान बहुत ही सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व रखता है। यहीं पर कभी पेशवा बाजीराव प्रथम, महादजी शिंदे और सूबेदार मल्हारराव होल्कर ने डेरा डाला था। इसे ध्यान में रखते हुए, मराठी साहित्य समारोह के आयोजक एनजीओ 'सरहद' ने शुरूआत में इन महान योद्धाओं की अर्ध-प्रतिमाएं (बस्ट) लगाने का प्रस्ताव रखा था।

# 75 साल के बुजुर्ग ने किया बैड टच, 16 साल की लड़की ने 17 वर्षीय बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर की हत्या

☞ मुंबई के मीरा-भायंदर में एक 16 वर्षीय लड़की और उसके 17 वर्षीय साथी को 75 वर्षीय व्यक्ति की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है ।लड़की का दावा है कि बुजुर्ग ने उसके साथ यौन उत्पीड़न किया, जिसके बाद दोनों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई : मीरा-भायंदर में एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। यहां वसई-विरार पुलिस ने एक 16 वर्षीय लड़की और उसके 17 वर्षीय पुरुष मित्र को 75 वर्षीय व्यक्ति की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोप है कि बुजुर्ग ने लड़की के साथ गलत हरकत की, जिसके बाद उसने अपने नाबालिग पुरुष मित्र को बुलाया और दोनों ने मिलकर बुजुर्ग की हत्या कर दी ।पुलिस ने बताया कि लड़की की लगभग एक साल पहले लड़के से दोस्ती हुई थी। लड़की के घरवालों को इसकी भनक लगी तो उन्होंने इसका विरोध किया। लड़की ने डेढ़ महीने पहले गुस्से में घर छोड़ दिया और अकेले सड़क पर आ गई। वह किसी तरह यहां-वहां काम करके गुजर कर रही थी।

## बुजुर्ग ने लड़की को काम पर रखा

पुलिस ने बताया कि 75 वर्षीय व्यक्ति टेंपो से पैन और सिगरेट बेचता था। सड़क पर अपने अकेले समय के दौरान लड़की बुजुर्ग से मिली। उसने लड़की को अपने साथ काम पर रख लिया। उनके बीच कोई निश्चित वेतन तय नहीं था। वह आदमी लड़की की बुनियादी जरूरतों का ध्यान रखने लगा। उसने लड़की को महीने के अंत में कुछ नगद देने का वादा किया।

## 15 फरवरी को लड़की को ले गया था बुजुर्ग

हालांकि 15 फरवरी को रात करीब 8.30 बजे बुजुर्ग ने उसे किसी काम के लिए अपने साथ जाने के लिए कहा। दोनों शुरू में ट्रेन से गए, जिसके बाद उन्होंने ऑटो रिक्शा लिया। लड़की का दावा है कि 75 वर्षीय व्यक्ति ने चलती ऑटो-रिक्शा में उसे अनुचित तरीके से छूना शुरू कर दिया, जिसके कारण उसने उसे धक्का दिया और उनके बीच बहस शुरू हो गई। पुलिस ने आगे कहा कि जब बुजुर्ग ने होटल का कमरा खोजने के लिए एक जंक्शन पर रिक्शा रोका।

## लड़की ने फोन करके दोस्त को बुलाया

इधर लड़की अपने दोस्त को पहले ही बुजुर्ग की हरकत की सूचना दे चुकी थी। वह पहले से ही इलाके में मौजूद था। वह रिक्शा के अंदर गया और एक स्थान पर लिफ्ट के लिए कहा ।75 वर्षीय व्यक्ति उसे छोड़ने के लिए तैयार हो गया, वह इस बात से अनजान था कि उसके साथ आई 16 वर्षीय लड़की ने उसे फोन किया था ।बुजुर्ग ने चेक इन करने के लिए एक होटल की तलाश जारी रखी। इधर दोनों नाबालिगों ने एक स्थान पर 75 वर्षीय व्यक्ति का सामना किया, जिसके बाद 16 वर्षीय ने शुरू में एक पत्थर से उसका सिर तोड़कर उस पर हमला कर दिया।

# रेलवे ने की अभूतपूर्व प्रगति, वैश्विक निर्यात और रोजगार में स्थापित किये नए आयाम: अश्विनी वैष्णव

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने अपने हालिया संबोधन में भारतीय रेलवे की उल्लेखनीय प्रगति और भविष्य की योजनाओं को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। रेलवे के विकास एवं निर्यात के क्षेत्र में हाल के वर्षों में कई उपलब्धियां दर्ज की गई हैं।

प्रमुख उपलब्धियां एवं जानकारियां:-

1. वैश्विक निर्यात में रेलवे की बड़ी भूमिका: भारतीय रेलवे अब विभिन्न देशों को आधुनिक रेल उपकरणों का निर्यात कर रहा है। प्रमुख निर्यात निम्नानुसार हैं:

मेट्रो कोच: ऑस्ट्रेलियाबोगियां: यूके, सऊदी अरब, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया

प्रोपल्शन सिस्टम: फ्रांस, मैक्सिको, रोमानिया, स्पेन, जर्मनी, इटलीयात्री कोच: मोजाम्बिक, बांग्लादेश, श्रीलंका

इंजन (लोकोमोटिव): मोजाम्बिक, सेनेगल, श्रीलंका, म्यांमार, बांग्लादेश

2. भविष्य की योजनाएं: बिहार के सारण जिले के मारहोड़ा में बने लोकोमोटिव (इंजन) का निर्यात जल्द ही शुरू होगा। आगामी दिनों में 100 से अधिक लोकोमोटिव का निर्यात किया जाएगा, जिससे 'मेड इन बिहार' लोकोमोटिव पूरी दुनिया में अपनी पहचान बनाएंगे ।तमिलनाडु में निर्मित पहिए (ऋङ्ढ्शैहिँ्ीह्ल) का भी जल्द ही वैश्विक निर्यात शुरू होगा।

3. तकनीकी उपलब्धि: चिनाब ब्रिज में इस्तेमाल किए गए 30,000 टन स्टील का वजन 4 एफिल टावर के बराबर है, जो भारत की इंजीनियरिंग क्षमताओं का उत्कृष्ट उदाहरण है।

4. रोजगार में वृद्धि: पिछले 10 वर्षों में रेलवे ने 5 लाख से अधिक लोगों को रोजगार दिया है, जो कि पहले की तुलना में काफी अधिक है ।पिछली सरकार के समय यह आंकड़ा 4 लाख था, जबकि वर्तमान में 1 लाख लोगों की भर्ती प्रक्रिया जारी है, जिसमें लोको पायलट की भर्ती भी शामिल है।

5. रेलवे की तकनीकी कवच प्रणाली: भारतीय रेलवे ने ट्रेन संचालन में सुरक्षा बढ़ाने के लिए स्वदेशी स्वचलित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली (कवच) विकसित की है। यह प्रणाली ट्रेन की गति की निगरानी करती है। इस प्रणाली को 10,000 लोकोमोटिव और 15,000 रूट किलोमीटर तक विस्तारित किया जाएगा।

6. एलएचबी कोचों में वृद्धि: भारतीय रेलवे यात्रियों की संरक्षित एवं सुरक्षित यात्रा हेतु सभी आईसीएफ कोचों को एलएचबी कोचों में बदलने की और अग्रणी हो रहा है।

7. प्रयागराज महाकुंभ 2025: रेलवे द्वारा श्रद्धालुओं को प्रयागराज लाने व ले जाने के लिये 16000 से ज्यादा ट्रेनों का संचालन किया गया। महाकुंभ के आयोजन के दौरान रेलवे द्वारा 4.5 करोड़ से 5 करोड़ के बीच श्रद्धालुओं को प्रयागराज लाने और ले जाने का कार्य किया गया ।रेलवे के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर महाकुंभ मेले में रेलवे, प्रशाशन, सिविल डिफेंस, राजकीय रेलवे पुलिस (GRP) रेलवे सुरक्षा बल (RPFY), यांत्रिक विभाग, विद्युत विभाग, इंजीनियरिंग विभाग समेत रेलवे के सभी विभागों ने जिस तरह से मिलकर कार्य किया वह एक सराहनीय प्रयास रहा है।

8. स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण: देशभर के 60 ऐसे स्टेशनों पर permanent waiting areas बनाने का निर्णय लिया है, जहां समय-समय पर भारी भीड़ होती है। इस व्यवस्था से अचानक आने वाली भीड़ को waiting area में नियंत्रित किया जा सकेगा और यात्रियों को केवल ट्रेन के आने पर प्लेटफॉर्म पर जाने दिया जाएगा, जिससे स्टेशन पर भीड़भाड़ कम होगी। बड़े स्टेशनों पर वॉर रूम विकसित किए जाएंगे। भीड़भाड़ की स्थिति में सभी विभागों के अधिकारी वॉर रूम में कार्य करेंगे।

9. संरक्षा में अभूतपूर्व वृद्धि: भारतीय रेलवे की संरक्षा बढ़ाने के लिए इस वर्ष के व्यय के लिए एक लाख सोलह हजार करोड़ रुपये आवंटित किया गया है। जिसके अंतर्गत रेलवे क्रॉसिंग एलसी गेटों, इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग, फॉग डिवाइस, थिक वैब स्विच लगाने में निरंतर वृद्धि हो रही है।

10. आधुनिक उच्च तकनिकी ट्रेनें: भारतीय रेलवे पूरे देश के लिए तेज, संरक्षित और आरामदायक रेल यात्रा का विस्तार करने के लिए तैयार है। देश अगले दो से तीन साल में 200 नई वंदे भारत ट्रेनों, 100 अमृत भारत ट्रेनों, 50 नमो भारत रैपिड रेल और सामान्य श्रेणी के यात्रियों के लिए 17,500 गैर-एसी कोच तैयार करेगा।

रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने इन उपलब्धियों को भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता और आधुनिकरण का परिणाम बताया। रेलवे का निरंतर विकास देश को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बना रहा है।

# होली मिलन समारोह जाट समाज भवन सीवुड पश्चिम नवी मुंबई में धूमधाम से मनाया गया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



जाट समाज मुंबई की ओर से होली मिलन समारोह जाट समाज भवन सीवुड पश्चिम नवी मुंबई में धूमधाम से मनाया गया। जसराज सेन एंड पार्टी नेअपना संगीत मय एवं नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत करके लोगों को भाव विभोर कर दिया। सभी लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली मनाई। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष धर्मपाल कलवानिया ने अधिक से अधिक संख्या में पधारे लोगों का स्वागत किया और उनकाआभार व्यक्त किया। समाज में पधारे हुए लोगों में राजू सारण, नंद रूप चौधरी, रामनिवास चौधरी, भागीरथ चौधरी,शमशेर सिंह, सत्यवीर सिंह, शिशुपाल,ईश्वर सिंह चौधरी, सरजीत, ओम जी जाट, जगदीश, लक्ष्मण, भंवरलाल, बृजलाल, शिवलाल, हीरालाल के अलावा समाज के लोग महिलाओं एवं बच्चों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया।

# सह्याद्रि नगर भांडुप के रहवासी आमरण उपोषण कर मांग न्याय

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबई , भांडुप सह्याद्रि नगर के रहवासियों ने मुंबई के आजाद मैदान में एक सप्ताह से भूख हड़ताल पर बैठकर न्याय की मांग कर रहे है। उनका कहना है भांडुप सह्याद्रि नगर के रहवासियों ने 2014 में अपना फ्लैट डेवलपर को सौंप दिया, 2015 में फिर से सकारात्मक हलफनामा दिया, 2017 में अपना फ्लैट खाली कर दिया और 2018 में पहले पुनर्वास भवन के निर्माण की अनुमति प्राप्त की। महाराष्ट्र सरकार के गजट के अनुसार, यदि निवासी पहली इमारत के निर्माण की अनुमति मिलने तक परियोजना में शामिल होते हैं, तो उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती और सीसी मिलने से पहले ही उनके फ्लैटों को बेदखल कर दिया गया ।अपना हक पाने के लिए रहिवासी कई वर्षों से प्रयास कर रहे हैं कुछ प्राप्त न होने पर सह्याद्रि नगर के रहवासियों ने पिछले 8 दिनों से आजाद मैदान में अनशन पर बैठे हैं तथा हर दिन प्रशासन और अधिकारियों दोनों को पत्र लिख रहें हैं लेकिन कोई न्याय दिलाने को तैयार नहीं प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं।

# मुंबई में मिलेगा पक्का घर, 12 लाख में पूरा होगा मुंबईकरों का सपना, 4700 घरों के लिए म्हाडा की बंपर लॉटरी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

- BMC कर्मचारियों के लिए माहुल में 12 लाख रुपये में घर खरीदने का मौका
- 4,700 किफायती मकानों के लिए लॉटरी प्रक्रिया आज से शुरू
- घर खरीदने के बाद 5 साल बाद बेचने की सुविधा मिलेगी

मुंबई: दुनिया भर में सपनों के शहर या मायानगरी के रूप में जानी जाने वाली मुंबई में हर कोई अपना घर चाहता है, लेकिन मौजूदा घरों की कीमतों के कारण कई लोगों के सपने अधूरे रह जाते हैं। लेकिन, मुंबई महानगरपालिका कर्मचारियों का घर खरीदने का सपना जल्द ही पूरा होने वाला है। जी हां, मुंबई नगर निगम के सफाई कर्मचारियों को उपनगरीय माहुल क्षेत्र में किफायती घर मिल सकेगा। इन मकानों के लिए जल्द ही लॉटरी निकाली जाएगी और आवेदन प्रक्रिया आज से शुरू होगी।

## बीएसएम कर्मचारियों को मुंबई में मिलेगा उनके हक का घर

मुंबई नगर निगम प्रशासन म्हाडा के तहत अपने कर्मचारियों के लिए आवास लॉटरी आयोजित करेगा। मुंबई महानगरपालिका के तृतीय और चतुर्थ श्रेणी में कार्यरत कर्मचारियों को उपलब्ध कराए जाने वाले इन मकानों की कीमत 12 लाख रुपये है। मुंबई महानगरपालिका की ओर से उपलब्ध कराए जाने वाले इन 4,700 मकानों के लिए लॉटरी निकाली जाएगी। इसके लिए आज यानी सोमवार से आवेदन जमा किए जा सकेंगे।




## माहुल इलाके में बने हैं 4,700 घर

मुंबई के माहुल इलाके में 4,700 घर बनाए गए हैं और इन घरों की कीमत 12.60 लाख रुपये है और इन घरों को लॉटरी के जरिए बेचा जाएगा। बीएमसी कर्मचारी सोमवार से इन मकानों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## म्हाडा के घरों के लिए आवेदन प्रक्रिया आज से शुरू

पिछले कुछ दिनों से माहुल में 13,000 से अधिक मकान खरीदारों का इंतजार कर रहे हैं। इसलिए बीएमसी ने म्हाडा के माध्यम से इन घरों के लिए लॉटरी आयोजित करने का निर्णय लिया है। काफी समय से खाली पड़े रहने वाले इन फ्लैटों के रखरखाव का खर्च नगर पालिका को उठाना पड़ता है, इसलिए इन फ्लैटों को कर्मचारियों को बेचने का निर्णय लिया गया है ।दरअसल मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण ने विकास परियोजनाओं से प्रभावित लोगों के लिए ये घर बनाए थे। फिर इन्हें इटउ को सौंप दिया गया था। अब इन्हें अपने कर्मचारियों को बेचेगी। माहुल में बनी इन इमारतों में स्कूल, अस्पताल और अन्य जरूरी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। कर्मचारियों के लिए बड़ा अवसरयदि कोई कर्मचारी घर खरीदने के बाद उसे बेचना चाहे, तो वह पांच साल बाद ऐसा कर सकता है। यह योजना इटउ कर्मचारियों के लिए एक बड़ा अवसर है। मुंबई जैसे महंगे शहर में अपना घर होना एक सपने जैसा है। इटउ ने इस सपने को हकीकत में बदलने का रास्ता खोला है। यदि आप इटउ कर्मचारी हैं, या आपके जानने वाले कोई इटउ कर्मचारी हैं, तो उन्हें इस योजना के बारे में जरूर बताएं। यह उनके जीवन में एक बड़ा बदलाव ला सकती है।

# छत्रपति शिवाजी महाराज का मंदिर सभी के लिए गौरवान्वित और प्रेरणादायक - मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे ,अपना संपूर्ण जीवन देव , देश और धर्म के लिए लगाने वाले राजा छत्रपति शिवराय का मंदिर सभी के लिए अत्यंत गौरव और प्रेरणादायक है। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने आज कहा कि यहां महाराज के दर्शन करने आने वाले हर व्यक्ति को निश्चित रूप से प्रेरणा मिलेगी। भिवंडी के शिवक्षेत्र मराडे पाड़ा में छत्रपति शिवाजी महाराज मंदिर (शक्तिपीठ) का उद्घाटन मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस के हाथो किया गया। इस अवसर पर स्वामी गोबिंद देवगिरिजी महाराज, परमपूज्य बालयोगी सदानंद बाबा, डॉ. कैलास महाराज निचिते, राष्ट्रसंत नीलकंठ शिवाचार्य, आलोक नाथ महाराज, सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा, पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल पाटिल, विधायक किसन कथोरे, विधायक दौलत दरोदा, विधायक निरंजन डावखरे, विधायक महेश चौघुले, शिवक्रांति फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष राजू चौधरी, विश्वनाथ पाटिल, नरेंद्र पवार, जितेंद्र डाकी, विभागीय आयुक्त डॉ. विजय सूर्यवंशी, विशेष पुलिस महानिरीक्षक कोंकण जोन संजय दराडे, जिलाधिकारी अशोक शिनगारे, प्रमुख कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे, पुलिस अधीक्षक डॉ.डी एस स्वामी, अनंत भोईर आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।



सबसे पहले मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने दर्शकों को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती की बधाई दी और छत्रपति शिवाजी महाराज के भव्य मंदिर की संकल्पना और वास्तविक निर्माण के लिए कैलास निचिते और राजू चौधरी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह छत्रपति शिवाजी महाराज के कारण ही है कि हम मंदिर में जा सकते हैं और अपने पसंदीदा देवता के दर्शन कर सकते हैं। जिस राजा ने अपना पूरा जीवन भगवान, देश और धर्म की सेवा में बिताया, उसका मंदिर होना बहुत गर्व की बात है। यह मंदिर बहुत ही सुंदर, भव्य और दिव्य बनाया गया है। इस मंदिर में एक सुंदर दुर्ग, एक बहुत अच्छा टॉवर, एक शानदार प्रवेश मार्ग, एक बगीचा है और इस मंदिर के माध्यम से महाराजा के जन्म से लेकर राज्याभिषेक और संभाजी महाराज की प्रगति तक बहुत सुंदर घटनाओं का मंचन किया गया है। इससे सभी को प्रेरणा अवश्य मिलेगी। जिस प्रकार हनुमान जी के दर्शन के बिना भगवान श्री राम के दर्शन पूर्ण नहीं होते, उसी प्रकार छत्रपति शिवराय के दर्शन के बिना किसी भी देवता के दर्शन पूर्ण नहीं होते। शिवबा माता जिजाऊ के संस्कार एवं आशीर्वाद और उनकी प्रेरक शिक्षाओं के माध्यम से ही शिव राय ने मुगलों की चुनौतियों का विरोध करना शुरू किया। जिस तरह भगवन राम युग पुरुष थे। उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति में अन्याय के खिलाफ लड़ने की शक्ति पैदा की। छत्रपति शिवाजी महाराज का कार्य भी ऐसा ही है। जिस तरह श्री राम ने रावण के खिलाफ लड़ते हुए आम लोगों को एकजुट किया, उसी तरह छत्रपति शिवाजी महाराज ने आम लोगों से ताकत जुटाई और मुगलों की शक्तिशाली सेना के खिलाफ भगवा झंडा फहराया। महाराजा को यह उम्मीद नहीं है कि महाराष्ट्र जाति के आधार पर विभाजित हो जाएगा। हम ऐसे महाराष्ट्र का निर्माण करना चाहते हैं जो ईश्वर, देश और धर्म के लिए सब कुछ बलिदान कर दे। देश का गौरव बढ़ाने का संकल्प ले। छत्रपति शिवाजी महाराज की 300वीं जन्म शताब्दी मनाई जा रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री फड़नवीस ने देश निर्माण के कार्य में योगदान देने की अपील की। उन्होंने आगे कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के बारह किलों को विश्व धरोहर के रूप में दर्ज कराने के लिए राज्य और केंद्र सरकार द्वारा प्रयास किये जा रहे हैं। संगमेश्वर में छत्रपति संभाजी महाराज का एक स्मारक भी बनाया जाएगा जिसके लिए राज्य के बजट में प्रावधान किया गया है। पानीपत की लड़ाई तो हर कोई जानता है। महादजी शिंदे के कारनामे को हर कोई जानता है। उस स्थान पर एक भव्य स्मारक की भी योजना बनाई जा रही है।

छत्रपति शिवाजी महाराज की इस शक्तिपीठ, जिसका आज उद्घाटन हुआ है, को तीर्थ स्थल का दर्जा दिया जाएगा। इसी तरह भिवंडी-वाड़ा रोड का काम भी प्रगति पर है। यहां के लोक निर्माण विभाग को इस शक्तिपीठ के लिए आने वाले सभी मार्गों की योजना बनानी चाहिए और यहां आने वाले शिव प्रेमियों के लिए आवश्यक सुविधाएं मुहैया करनी चाहिए। सरकार इसके लिए तैयार है और इसके लिए धन की कोई कमी नहीं होगी।

फास्ट ट्रैक

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

### रात में मां की धोती लेकर घर से निकला था, सुबह खेत पर मिला शव

शाहजहांपुर, एक दर्दनाक घटना सामने आई है। थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के ददऊ गांव में 20 वर्षीय युवक ने रेलवे लाइन के पास पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान विद्या प्रकाश के बेटे श्याम के रूप में हुई है। श्याम खेती बाड़ी कर परिवार का सहयोग करता था। बीती रात खाना खाने के बाद वह कुछ देर मोबाइल देखता रहा। इसके बाद बिना किसी को बताए मां की धोती लेकर घर से चला गया। परिजनों ने रात में श्याम की तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। चूंकि वह अक्सर खेत पर रुक जाता था, इसलिए परिवार ज्यादा परेशान नहीं हुआ। सुबह ग्रामीणों ने पेड़ पर शव लटका देखा और परिवार को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का कहना है कि उसकी न तो किसी से कोई रंजिश थी और न ही परिवार में कोई विवाद हुआ था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## भाकियू ने कलेक्ट्रेट में दिया ज्ञापन

### आंदोलन की चेतावनी, मक्के का बीज महंगे दामों पर बेचने का आरोप

शाहजहांपुर, भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रशासन को तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। भाकियू के जिला अध्यक्ष संदीप सिंह ने कहा कि किसानों की गेहूं की फसल की शत-प्रतिशत सरकारी खरीद सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पर्याप्त सरकारी खरीद केंद्रों की मांग की। जिससे किसानों का शोषण न हो। उन्होंने बताया कि जिले के किसानों को मक्के का बीज महंगे दामों पर बेचा गया। विरोध करने पर व्यापारी नाराज हो गए। यूनियन के पदाधिकारियों को भी महंगे बीज खरीदने पड़े। तिलहर के पूर्वी मुख्य तिराहे पर भीड़ के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इसलिए वहां ओवरब्रिज और ब्रेकर बनाने की मांग की गई है। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कई बार ज्ञापन देने के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है।



## शराब के नशे में बाइक सवारों ने मारी टक्कर

### होली मिलने जा रही महिला की मौत, मायके में सभी कर रहे थे इंतजार

शाहजहांपुर, सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई। मृतका गीता देवी (43) अपने पति अनिल के साथ बाइक से दादी की गमी की होली मिलने मायके जा रही थी। सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के बवक्करपुर गांव की रहने वाली गीता कांट क्षेत्र के अकर्रा रसूलपुल जा रही थी। सिरौरी गांव के पास तीन शराबी बाइक सवारों ने पीछे से उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गीता बाइक से उछलकर दूसरी तरफ जा गिरी। इस हादसे में उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। उन्हें तुरंत राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया।

# ठाणे मनपा में 337 करोड़ के भ्रष्टाचार की मुख्यमंत्री से जांच की राकांपा ने की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , ठाणे मनपा का पिछले पांच वर्षों से ऑडिट नहीं होने से 337 करोड़ रुपये का कोई हिसाब-किताब नहीं है। राज्य सरकार को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए और मनपा से ऑडिट नहीं कराने के लिए जवाब तलब करना चाहिए। राकांपा अजीत पवार गुट के प्रदेश प्रवक्ता, पूर्व सांसद और जिला अध्यक्ष आनंद परांजपे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस को लिखे पत्र में मांग की है कि 337 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार मामले में तत्कालीन आयुक्त और वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ गहन जांच की जानी चाहिए।

आयुक्त सौरभ राव ने ठाणे मनपा का वर्ष 2025-26 का 5 हजार 645 करोड़ रुपये का बजट पेश किया है। इस साल बजट में 600 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। ठाणे मनपा की आय जहां बढ़ रही है, वहीं भ्रष्टाचार के मामले भी बढ़ रहे हैं। पूर्व सांसद आनंद परांजपे ने आरोप लगाया कि अब ऑडिट से बचकर भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने की एक नई इंडस्ट्री शुरू हो गई है। मनपा के खातों का हर साल ऑडिट होना जरूरी है। हालांकि यह बात सामने आई है कि मनपा का ऑडिट सिर्फ 2019-20 तक ही हुआ था। राकांपा के जिला अध्यक्ष आनंद परांजपे ने मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है कि पिछले पांच वर्षों में केंद्र सरकार और राज्य सरकार से विभिन्न कार्यों के लिए प्राप्त धनराशि और अनुदान और कोरोना आपदा के दौरान वित्तीय सहायता की मिली जिसकी जानकारी उपलब्ध नहीं है। इस तरह 337 करोड़ रुपये का हिसाब नहीं दिया गया है। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए और ठाणे मनपा के ऑडिट के मामले में एक जांच समिति नियुक्त करनी चाहिए। साथ ही 337 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार मामले की राकांपा प्रदेश प्रवक्ता आनंद परांजपे ने जांच की मांग की है। उन्होंने तत्कालीन मनपा आयुक्तों और वरिष्ठ अधिकारियों की भी गहन जांच की जानी चाहिए, जो उस वर्ष काम कर रहे थे जब खातों का ऑडिट नहीं किया गया। ठाणे मनपा प्रशासन के अंधाधुंध प्रबंधन और अधिकारियों की गैरजिम्मेदारी के कारण ऑडिट नहीं हो पाया है। ठाणे मनपा ने पिछले कई वर्षों में कई छोटे-मोटे कार्यों के भुगतान के लिए करोड़ों रुपये के बिलों को मंजूरी दी है। इसने लोगों के टैक्स का पैसा लूटा है। पूर्व सांसद आनंद परांजपे ने आरोप लगाया है कि मनपा में कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से यह सब चल रहा है और मनपा भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है।



# जब्त संपत्तियों के मूल्यांकन कर नीलामी की तैयारी शुरू , तुरंत बकाया कर का भुगतान करने का आखिरी मौका

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

नवी मुंबई , मनपा के संपत्ति कर विभाग ने बकाया कर के साथ जब्त की गई संपत्तियों की नीलामी करने का एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। जब्त संपत्तियों की नीलामी मूल्यांकन के लिए आधिकारिक सरकारी मूल्यांकनकर्ताओं की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे उन संपत्ति मालिकों से अपील की है। जिनकी संपत्ति जब्त करने का प्रस्ताव है, वे तुरंत अपने बकाया संपत्ति कर का भुगतान कर नीलामी की कार्रवाई से बचें। बकाया संपत्ति कर की वसूली के लिए जब्त की गई संपत्तियों को नीलामी के माध्यम से बेचना आवश्यक है और इसके लिए संपत्ति का मूल्यांकन किया जाना चाहिए। संपत्ति मूल्यांकन के लिए नगरपालिका पैनल में सरकार के साथ पंजीकृत इच्छुक सरकारी मूल्यांकनकर्ताओं की नियुक्ति के लिए विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से विज्ञापन दिया गया था। 10 सरकारी मूल्यांकनकर्ताओं ने इसमें प्रतिक्रिया दी। जल्द ही एक उपयुक्त सरकारी मूल्यांकनकर्ता नियुक्त किया जाएगा। परिणामस्वरूप, निकट भविष्य में नियुक्त मूल्यांकक के माध्यम से संपत्ति कर बकाया का आकलन किया जाएगा और उसके बाद ही संपत्ति कर बकाया को नीलामी द्वारा बेचा जाएगा। नागरिकों को निर्धारित अवधि के भीतर बकाया कर का भुगतान तुरंत करना चाहिए और संपत्ति कर की बकाया राशि का भुगतान करने के लिए शुरू की गई 'अभय' योजना का लाभ उठाना चाहिए। मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे की ओर से 31 मार्च 2025 तक 'अभय' योजना के तहत बकाया संपत्ति कर की एक राशि का भुगतान कर जुमार्ने में 50 प्रतिशत की छूट पाने की अपील की जा रही है। इसी प्रकार कर बकाया के कारण जब्त की गई संपत्तियों की नीलामी करके कर राशि एकत्र करने की प्रक्रिया नवी मुंबई मनपा की ओर से की जा रही है, इसलिए यह सुझाव दिया जाता है कि इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए और बकाया राशि का भुगतान करने की कार्रवाई की जाएगी।



# अरविन्द पेंडसे के विचारों को लेकर निष्ठावान कार्यकर्ता बनाएगा विचार मंच

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे, अरविंद पेंडसे के विचारों को आम जनता तक ले जाकर भाजपा के निष्ठावन कार्यकर्ता तैयार करने का निर्णय अरविंद पेंडसे विचार मंच ने लिया। मंच के अध्यक्ष व भाजपा के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में वुडलैंड होटल में कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न हुआ ।इसमें उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा कर्मठ नेता व ठाणे जिला संगठन मंत्री रहे स्वर्गीय अरविंद पेंडसे ने 1980 में भाजपा की स्थापना के बाद से संगठन को सशक्त बनाने में अपना जीवन लगा दिया ।शर्मा ने कहा कि मैने उनके साथ 7 वर्षों तक रहकर उनकी कार्यपद्धति देखा। उनके विचारों प्रभावित होकर हमने ग्रामीण आदिवासी क्षेत्रों में काम किया। आज उनकी कमी हमारे जैसे कार्यकताओं को खल रही है। उनके जैसा कार्य करने वाला कर्मठ कार्यकताओं की आज आवश्यकता है। उनके सामाजिक, राजनीतिक कार्यों से आज की पीढ़ी को परिचित कराने और उनके जैसे कार्यकर्ता निर्माण करने के लिए अरविंद पेंडसे विचार विचार मंच की स्थापना की गई है। मंच उनके विचारों के अनुसार कार्यकताओं का संगठन तैयार करने का प्रयास करेगा जिससे भाजपा को निष्ठावान कार्यकर्ता उपलब्ध होंगे। मंच व्याख्यान माला और मार्गदर्शन का कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आज के सम्मेलन में मंच के महामंत्री शरद पुरोहित, कोषाध्यक्ष रामाकृष्णन अय्यर , कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व नगर सेविका मृणाल पेंडसे, पवनकुमार शर्मा, के पी मिश्रा, पंकज जैन, सुमन अत्री, डॉ सविता इंदौरिया समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे ।मंच के महामंत्री शरद पुरोहित ने कहा कि पेंडेसे के परिश्रम की दें है जिसके चलते ठाणे व पालघर जिले से 3 विधायक और एक सांसद चुनकर आते रहे हैं। पेंडसे ने तत्कालीन ठाणे संयुक्त जिले के ग्रामीण ,आदिवासी दुर्गम इलाकों कार्यकर्ता निर्माण कर पार्टी का संगठन मजबूत किया। उनके परिश्रम और संगठनात्मक कला के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यकर्ता बने और आज वही पार्टी का परचम लहरा रहे हैं।



# सरस बिक्री प्रदर्शनी में महिलाओं के उत्पादों की बिक्री 66.31 लाख की रिकॉर्ड बिक्री

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे ,वज्रेश्वरी महोत्सव ₹कोकण सरस, जिला स्तरीय सरस और मिनी सरस बिक्री प्रदर्शनी को ग्राहकों का अच्छा सहयोग मिला है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के उत्पादों की 66.31 लाख की रिकॉर्ड बिक्री हुई है। विशेष रूप से महिलाओं द्वारा स्वयं बनाए गए विभिन्न खाद्य पदार्थों, हस्तशिल्प, कपड़े और घरेलू वस्तुओं के लिए 188 स्टॉल लगाए गए थे। इसमें 450 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। इनमें से 19 खाद्य स्टॉल और 169 हस्तशिल्प, कपड़े और विभिन्न घरेलू वस्तुओं के स्टॉल लगाए गए थे। मुंबई, मुंबई उपनगरों और ठाणे और अन्य जिलों से लगभग 15,000 ग्राहकों ने सरस प्रदर्शनी का दौरा किया और खरीदारी की। परियोजना निदेशक, जिला ग्रामीण विकास प्रणाली, जिला परिषद, ठाणे छायादेवी शिसोदे ने बताया कि इस प्रदर्शनी में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा बनाई गई 66.31 लाख मूल्य की वस्तुओं की रिकॉर्ड बिक्री हुई है।



# अंबरनाथ में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने छत्रपति संभाजी नगर स्थित औरंगजेब की कब्र को हटाने की जोरदार मांग की

- विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार अमित पुरी को लिखित निवेदन पत्र दिया।
- सरकार ने उचित कार्यवाही नहीं की तो हम कार सेवा के लिए संभाजी नगर तक मार्च करेंगे -बजरंग दल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. समाजवादी पार्टी के आमदार अबू असीम आजमी के मुगल बादशाह औरंगजेब की प्रशंसा के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में औरंगजेब को लेकर विरोध और उसकी कब्र को हटाने की मांग जोर पकड़ने लगी। औरंगजेब कट्टर धार्मिक और हिंदू विरोधी मानसिकता वाला मुगल शासक था जिसने छत्रपति संभाजी महाराज की क्रूरतम रूप से हत्या कर दी थी। इस परिदृश्य में अंबरनाथ में विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल के कार्यकताओं ने सोमवार को स्थानीय तहसीलदार कार्यालय पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और तहसीलदार अमित पुरी से मांग की है कि छत्रपति संभाजी नगर के खुल्दाबाद स्थित औरंगजेब की कब्र को हटाया जाय क्योंकि वो एक हिंदू विरोधी और क्रूर शासक था। तहसीलदार अमित पूरी को ज्ञापन सौंपते हुए विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल ने लिखित रूप से निवेदन पत्र में मांग की है कि औरंगजेब का स्मारक या कब्र स्वतंत्र भारत में मुगलों की गुलामी और उनकी क्रुरता का प्रतीक है जो हमे अंतहीन पीड़ा का अनुभव कराता है। इसलिए हम महाराष्ट्र सरकार से अनुरोध करते हैं कि औरंगजेब की कब्र को नष्ट करते हुए उसे हटा दिया जाए। यदि इस दिशा में कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई तो पूर्व सूचना के बाद विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल के कार्यकर्ता अयोध्या के रामलला की तर्ज पर कार सेवा के जरिए संभाजीनगर तक मार्च करेंगे और हम स्वयं ही कब्र को नष्ट कर देंगे। इस अवसर पर जिला संयोजक अमित भोईर, विभाग संयोजक दादा गोसावी सहित सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात किया गया था।

# अंबरनाथ पूर्व में भक्ति-शक्ति प्रतिष्ठान के अंतर्गत संत तुकाराम बीज उत्सव और शिवाजी जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### कार्यक्रम का आयोजन पूर्व नगरसेवक सुभाष सालुंके और संवाद फाउंडेशन की प्रमुख सुवर्णा सालुंके ने किया।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. भक्ति-शक्ति प्रतिष्ठान के अंतर्गत अंबरनाथ पूर्व के वड़वली विभाग के भक्ति- शक्ति चौक परिसर में जगद्गुरु संत तुकाराम महाराज जी के सदेह बैकुंठगमन की तिथि संत तुकाराम बीज उत्सव और हैंदव धर्मोद्धारक छत्रपति शिवाजी महाराज जी की जयंती के अवसर पर रविवार और सोमवार को दी दिवसीय शिवमय भजनसंध्या और शिव जन्मोत्सव महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। भक्ति-शक्ति प्रतिष्ठान का आयोजन अंबरनाथ नगरपालिका के पूर्व नगरसेवक और शिवसेना के सक्रिय नेता सुभाष सालुंके और संवाद फाउंडेशन की अध्यक्ष सुवर्णा सालुंके के सौजन्य से किया गया।





कार्यक्रम के अंतर्गत 16 मार्च की रात 9 बजे संत तुकाराम और छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का पूजन कार्यक्रम किया गया इसके पश्चात भजन संगीत और शिवकालीन वेशभूषा का कार्यक्रम आयोजित किया गया,इसके पश्चात नृत्य संगीत का कार्यक्रम और अंत में शिव जनमोत्सव मनाया गया। 17 मार्च की सुबह शिवाजी महाराज जी की जयंती के उपलक्ष में उनकी प्रतिमा का पूजन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भक्ति-शक्ति,नृत्य संगीत और पूजन कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में अंबरनाथ के स्थानीय आमदार डॉ.बालाजी किणीकर,पूर्व नगराध्यक्ष सुनील चौधरी,पूर्व नगराध्यक्ष प्रज्ञा बनसोडे, कार्यक्रम के आयोजक सुभाष सालुंके और सुवर्णा सालुंके आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संवाद फाउंडेशन के साथ-साथ जॉगर्स क्लब, वारकरी संप्रदाय,स्वराज प्रतिष्ठान आदि संगठनों ने भी उल्लेखनीय योगदान दिया।

# राजकुमार पटेल अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष मनोनीत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रतापगढ़ , समाजसेवी राजकुमार पटेल को अपना दल (एस) का जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी है। राजकुमार पटेल किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं और जिले में समाज के सभी वर्गों के बीच अपने कुशल व्यहवार के चलते लोकप्रिय है। वे पिछले कई वर्षों से अपना दल (एस) से जुड़कर कार्यकर्ता को जोड़ने, बूथ स्तर पर अपना दल (एस) को मजबूत करने और राजनीतिक जमीन को मजबूत बनाने का काम कर रहे हैं ।अपना दल (एस) के प्रति निष्ठा, मेहनत, लग्न को देखते हुए प्रदेश इकाई ने राजकुमार पटेल को प्रतापगढ़ जिले की कमान सौंपी है। इस नियुक्ति पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजकुमार पटेल ने अपना दल (एस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के साथ साथ प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक राजकुमार पाल और कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अपना दल (एस) ने मुझे इस पद की जिम्मेदारी देकर विश्वास जताया है। उन्हेंने कहा कि बोधिसत्व डाक्टर सोनेलाल पटेल की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने और समाज के सभी वर्गों को पार्टी की विचारधारा से अवगत कराने और जिले में बूथ स्तर पर अपना दल (एस) को मजबूत करने का काम तेज किया जाएगा। राजकुमार पटेल की नियुक्ति पर खुशी व्यक्त करते हुए ग्राम सभा टिकरी प्रधान प्रतिनिधि और समाजसेवी चंद्रशेखर पटेल ने कहा कि राजकुमार पटेल ने पार्टी के लिए मेहनत की है समाज में मजबूत पकड़ है। जिलाध्यक्ष राजकुमार पटेल के नेतृत्व में जिले में अपना दल (एस) को मजबूती मिलेगी। प्रधान प्रतिनिधि चंद्रशेखर पटेल ने राजकुमार पटेल को जिलाध्यक्ष बनाएं जाने पर बधाई दी है। राजकुमार पटेल को जिलाध्यक्ष बनाएं जाने पर जिला पंचायत सदस्य प्रमोद पटेल, प्रदीप पाल, सहित भारी संख्या में लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## भारत संवाद परिवार


1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# अमेरिकी कोर्ट की रोक के बावजूद 261 वेनेजुएलाई नागरिक डिपोट

## गैंग मेंबर बताकर जेल भेजा; ट्रम्प के अधिकारी बोले- आदेश आने तक फ्लाइट्स उड़ चुकी थीं

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को वेनेजुएला के 261 अप्रवासी नागरिकों को अल सल्वाडोर की सुपरमैक्स जेल भेज दिया है। अमेरिका ने इन्हें ड्रग्स बेचने वाली गैंग्स का सदस्य बताते हुए 'एलियन एनिमी एक्ट' के तहत ये कार्रवाई की है। अल सल्वाडोर के राष्ट्रपति नायब बुकेले ने सोशल मीडिया पर बताया कि वेनेजुएलाई गैंग 'ट्रेन डी अरागुआ' के 238 सदस्य और अंतरराष्ट्रीय गैंग एमएस-13 के 23 सदस्य रविवार सुबह वहां पहुंचे। एक अमेरिकी कोर्ट के तरफ से इन लोगों को डिपोर्ट किए जाने के आदेश पर रोक लगा दी गई थी। इसके बाद भी अमेरिका ने इन लोगों को डिपोर्ट कर दिया। ट्रम्प प्रशासन के अधिकारियों के मुताबिक, जब तक कोर्ट का आदेश आया, तब तक फ्लाइट उड़ान भर चुकी थीं। इन लोगों के अल सल्वाडोर पहुंचने का वीडियो राष्ट्रपति नायब बुकेले ने सोशल मीडिया पर शेयर किया। इसमें हथकड़ी पहने लोग फ्लाइट से उतारे



जा रहे हैं और उन्हें जबरन जेल ले जाया जा रहा है। इसके अलावा इन लोगों के जेल ट्रांसफर करने की कछ तस्वीरें भी राष्ट्रपति कार्यालय ने जारी की हैं। डिस्ट्रिक्ट जज जेम्स ई. बोआसबर्ग ने शनिवार को एक आदेश जारी कर वेनेजुएलाई लोगों के डिपोर्टेशन को अस्थायी रूप से रोक दिया था। सरकारी वकीलों ने उन्हें बताया कि उस समय दो विमान उड़ान भर चुके थे। इनमें से एक अल साल्वाडोर और दूसरा होंडुरास के लिए निकला था। तब जज ने दोनों विमानों को वापस बुलाने का भी निर्देश दिया, लेकिन इसे अपने लिखित आदेश में शामिल नहीं किया। इसके चलते प्रशासन ने इसे नजरअंदाज कर दिया। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने रविवार को बताया कि प्रशासन ने किसी भी अदालत के आदेश को नजरअंदाज नहीं किया है। यह आदेश कानूनी रूप से आधारहीन था और जब इसे जारी किया गया, तब तक संदिग्ध आतंकवादी पहले ही अमेरिका से हटा दिए गए थे। 1798 का 'एलियन एनिमी एक्ट' अमेरिका का पुराना युद्ध के समय का कानून है। ये राष्ट्रपति को युद्ध के समय किसी भी शत्रु विदेशी नागरिक को हिरासत में लेने, प्रतिबंधित करने या देश से बाहर करने का अधिकार देता है। ये कानून अमेरिकी कांग्रेस ने 6 जुलाई 1798 को पारित किया था। इसे चार कानूनों के एक ग्रुप एलियन एंड सेडिशन एक्ट्स का हिस्सा माना जाता है। ट्रम्प ने दूसरी बार सत्ता संभालने के बाद अल सल्वाडोर से समझौता किया था, जिसके तहत अमेरिका के हिंसक अपराधियों और अवैध अप्रवासियों को वहां की जेलों में रखा जाएगा। अल साल्वाडोर के राष्ट्रपति नायब बुकेले ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के सामने यह प्रस्ताव रखा था, जिसे उन्होंने तुरंत स्वीकार कर लिया। अल सल्वाडोर में जनवरी 2023 में एक जेल का निर्माण हुआ था। इसका नाम आतंकवादी बंदी केंद्र है, जिसे सीईसीओटी के नाम से भी जाना जाता है। यह दुनिया की सबसे बड़ी जेलों में से एक है। इसमें 40 हजार से ज्यादा कैदी रखे जा सकते हैं। नायब बुकेले ने कहा कि वह इस जेल में मामूली पैसे लेकर अमेरिका के खतरनाक कैदियों को रखेंगे। इससे दोनों देशों को फायदा होगा। बुकेले ने सोशल मीडिया पर इस जेल की तस्वीरें भी पोस्ट की हैं। इसमें कई कैदी और गार्ड्स नजर आ रहे हैं। बुकेले को अल सल्वाडोर में अपराध को कम करने का श्रेय दिया जाता है। उन्होंने साल 2019 में अपराध खत्म करने के नाम पर राष्ट्रपति चुनाव लड़ा था।

# तुलसी गबार्ड बोलीं- भारत में पाकिस्तान समर्थित हमले इस्लामी आतंक

## अपनी हिंदू पहचान पर कहा- भगवान से रिश्ता मेरे जीवन का केंद्र

एजेंसी

नई दिल्ली, अमेरिकी नेशनल इंटेलिजेंस की डायरेक्टर तुलसी गबार्ड ने भारत में लगातार हो रहे पाकिस्तान समर्थित आतंकी हमलों को इस्लामी आतंक बताया है। उन्होंने कहा कि ये आतंक भारत और अमेरिका समेत कई मिडिल ईस्ट देशों पर भी खतरा बनता जा रहा है। तुलसी रायसीना डायलॉग में शामिल होने के लिए भारत आई हैं। उससे पहले उन्होंने दिए इंटरव्यू में ये बातें कहीं। इस इंटरव्यू में उन्होंने अध्यात्म, भगवत गीता, कृष्ण के उपदेश और भारत के लिए अपने प्यार पर भी बात की। उन्होंने कहा कि वे कृष्ण भक्त हैं और भगवान के साथ उनका रिश्ता उनके जीवन का केंद्र है।



भगवान के साथ मेरा रिश्ता मेरे जीवन का केंद्रः तुलसी ने कहा कि मेरी आध्यात्मिक यात्रा और भगवान के साथ मेरा रिश्ता मेरे जीवन का केंद्र है। मैं रोज यही कोशिश करती हूं कि ऐसी जिंदगी जी सकूं जो भगवान के हिसाब से बेहतर हो। और भगवान के सभी बच्चों की सेवा कर पाने से बेहतर तरीका क्या हो सकता है। भगवत गीता के उपदेशों से मूल्यवान सीख मिलती हैः मेरी जिंदगी के अलग-अलग समय में, चाहे मैं वॉर जोन में रहूं या आज हम जिन चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, हर समय में कृष्ण के उपदेश से मुझे हर बार कोई मूल्यवान सीख मिलती है। इससे मुझे सब तरह के दिनों में शांति, शक्ति और सुकून मिलता है।

भारत आकर लगता है जैसे घर आ गई हूंः तुलसी ने कहा कि भारत से मुझे बहुत प्यार है। मैं जब भी यहां आती हूं तो लगता है कि अपने ही घर आई हूं। यहां के लोग बहुत दयालु हैं और प्यार से स्वागत करते हैं। यहां का खाना हमेशा स्वादिष्ट लगता है। दाल मखनी और ताजा पनीर से बनाई गई हर चीज बहुत लजीज होती है। तुलसी ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इस्लामी आतंक से लड़ने के अपने वादे को लेकर बहुत साफ हैं। इस आतंक ने हमें घेर लिया है और लगातार अमेरिकी लोगों पर खतरा बना हुआ है। ये भारत, बांग्लादेश में लोगों को प्रभावित करता रहा है और मौजूदा समय में सीरिया, इजराइल और मिडिल ईस्ट के कई देशों में लोगों पर असर डाल रहा है। मुझे पता है पीएम मोदी इस खतरे को बहुत गंभीरता से लेते हैं। दोनों नेता इस खतरे को पहचानने और इसे हराने के लिए मिलकर काम करेंगे। मोदी ने कहा- ह्यूस्टन में एक प्रोग्राम था हाउडी मोदी। मैं और ट्रम्प दोनों वहां थे। भारतीय प्रवासी बड़ी संख्या में वहां पर मौजूद थे। मैं भाषण दे रहा था और ट्रम्प नीचे बैठकर हमें सुन रहे थे। यह उनका बड़प्पन है। अमेरिका का राष्ट्रपति स्टेडियम में भीड़ के बीच नीचे बैठकर सुन रहा है। मैं भाषण देकर नीचे गया तो ट्रम्प ने कहा कि क्यों न हम दोनों एकसाथ इस स्टेडियम का एक चक्कर लगाएं। अमेरिका में ये बात असंभव सी है कि राष्ट्रपति हजारों की भीड़ में चले। लेकिन ट्रम्प बिना एक पल भी इंतजार किए मेरे साथ चल पड़े। मुझे उस पल ने छू लिया। इस समझ आ गया कि ट्रम्प के पास हिम्मत है और वो अपने फैसले खुद लेते हैं। दूसरी बात ये कि ट्रम्प को मोदी पर भरोसा है। यह आपसी विश्वास का भाव था, यह बता रहा था कि हम दोनों के बीच मजबूत संबंध है।

# बलूच आर्मी ने आत्मघाती हमले का वीडियो जारी किया

## कल पाकिस्तानी सेना के काफिले में ब्लास्ट किया था; दावा– 90 सैनिक मारे

एजेंसी

कराची, बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने पाकिस्तानी सेना पर आत्मघाती हमले का वीडियो जारी किया है। ये हमला बीएलए ने रविवार सुबह क्वेटा से ताफ्तान जा रहे 8 मिलिट्री वाहनों पर नोशकी के हाईवे के पास किया था। इस वीडियो में दिखाया गया है कि हाईवे से गुजर रहे सेना के काफिले की एक गाड़ी में विस्फोट हुआ। बीएलए ने इस गाड़ी को अपना पहला टारगेट, जबकि उसके पीछे चल रही दूसरी गाड़ी को दूसरा टारगेट बताया। इस वीडियो की शुरूआत में बीएलए ने लिखा कि उसकी मजीद ब्रिगेड और फतेह स्क्वॉड ने नोशकी के पास सेना के काफिले पर टारगेट अटैक किया। बीएलए ने दावा किया कि इसमें





90 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं। वहीं, रविवार शाम को पाकिस्तान के बलूचिस्तान में ग्वादर कोस्ट गार्ड पर हमला किया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यहां पर सुरक्षा बलों और हमलावर लड़ाकों ने एक दूसरे पर फायरिंग की। कुछ लड़ाके हथियारों के साथ कोस्ट गार्ड के अंदर घुस गए और वहां से हमला किया। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि यह लड़ाके बीएलए से जुड़े हैं या किसी अन्य संगठन के सदस्य हैं। फिदायीन लड़ाके ने विस्फोटकों से भरी गाड़ी से किया हमला जानकारी के मुताबिक सुबह बीएलए का एक फिदायीन लड़ाका विस्फोटकों से भरी गाड़ी लेकर सेना के काफिले से टकरा गया। इसके बाद फतेह स्क्वॉड ने सेना के काफिले में घुसकर हमला किया। जिस वाहन पर सुसाइड अटैक किया गया था, वो पूरी तरह तबाह हो गया। घायलों को नोशकी के अस्पताल में भर्ती किया गया। इलाके में इमरजेंसी लागू कर दी गई। पाकिस्तानी पुलिस बोली- सिर्फ 5 सैनिक मारे गए पाकिस्तानी पुलिस ने बलूच आर्मी के दावे के उलट कहा है कि सड़क के पास पड़े एक बम में विस्फोट हुआ। सैनिकों को लेकर वहां से गुजर रही बस इसकी चपेट में आ गई। हमले में पांच पाकिस्तानी सैनिक मारे गए है

# ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर मोदी का पॉडकास्ट शेयर किया

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर भारत के पीएम मोदी का पॉडकास्ट इंटरव्यू शेयर किया है। इसके साथ ट्रम्प ने कोई कैप्शन नहीं दिया। ये इंटरव्यू अमेरिकन यूट्यूबर लेक्स फ्रिडमैन ने लिया था। इसे रविवार को लाइव किया गया। इस इंटरव्यू में पीएम मोदी ने ट्रम्प की तारीफ की थी। उनसे पूछा गया आपने हाल ही में अमेरिका का दौरा किया और ट्रम्प के साथ अपनी दोस्ती को एक बार फिर मजबूत किया। एक दोस्त और एक नेता को तौर पर आपको डोनाल्ड ट्रम्प की क्या बात अच्छी लगती है? इस पॉडकास्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-चीन संबंधों पर बात की थी। उन्होंने कहा था कि दोनों देशों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए। टकराव के बजाय भारत और चीन को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा में शामिल होना चाहिए। चीन ने इस बयान की तारीफ की है। चीन के ऑफिशियल मीडिया ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट में एक एक्सपर्ट ने कहा कि मोदी का यह बयान दोनों देशों के संबंधों के लिए व्यावहारिक और सकारात्मक नजरिया है। दोनों देशों के बीच प्रतिस्पर्धा के साथ सहयोग हो सकता है। चीन और भारत दुनिया में अहम रोल में और किसी न किसी तरह से दुनिया में अपना योगदान करते हैं। दोनों पुरानी संस्कृतियां हैं और दोनों देशों ने एक-दूसरे से सीखा है। पीएम मोदी ने इंटरव्यू में 2019 के हाउडी मोदी इवेंट का जिक्र करते हुए ट्रम्प के साथ उनके रिश्तों के बारे में बताया।

# 2 दिन में 22 हत्याएं बिहार में बढ़ते अपराध पर आरजेडी ने घेरा

## कुशवाहा ने पूछा- कहां से आकड़ा लाती हैं?



एजेंसी

**पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने विधान परिषद में नीतीश कुमार को घेरा है। उन्होंने कहा कि बिहार में होली में 22 हत्याएं दो दिन में हुई है। इतने पुलिस वाले पहले कभी नहीं मारे गए।**

बिहार में कानून व्यवस्था पर राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है इसलिए अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। जिन लोगों को आम नागरिकों की सुरक्षा में लगाया गया है, अगर वे ही सुरक्षित नहीं हैं, उनकी पिटाई हो रही है तो यहां कौन सुरक्षित है? सब नीतीश जी के राज में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। मुख्यमंत्री जी से कोई सवाल पूछे तो लालू जी जिम्मेदार होते हैं। सत्ता पक्ष को लोगों से पूछो तो लालू जी जिम्मेदार होते हैं। आप 20 साल का बताइए? पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने विधान परिषद में नीतीश कुमार को घेरा है। उन्होंने कहा कि बिहार में होली में 22 हत्याएं दो दिन में हुई है। इतने पुलिस वाले पहले कभी नहीं मारे गए। राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि आज विधानसभा में विपक्ष ने कानून व्यवस्था पर कार्यस्थगन प्रस्ताव लाया। नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में कानून व्यवस्था चौपट है और मुख्यमंत्री अचेत अवस्था में हैं। बिहार में अपराधियों की बहार है, एएसआई रैंक के अधिकारी की हत्या हो रही है... लेकिन मुख्यमंत्री के पास इन घटनाओं पर कहने के लिए दो शब्द भी नहीं हैं। नीतीश कुमार 20 साल से बिहार के मुख्यमंत्री हैं और हमने 20 साल का एनसीआरबी का आंकड़ा निकाला है, नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री रहते 20 साल में राज्य में 60 हजार हत्याएं और 25 हजार बलात्कार हुए हैं। अगर किसी मुख्यमंत्री या गृह मंत्री के राज में सबसे ज्यादा हत्याएं और पुलिसकर्मियों की पिटाई हुई है तो वह नीतीश कुमार हैं। वे कानून व्यवस्था पर बहस नहीं करना चाहते क्योंकि उनके पास कोई जवाब नहीं है। सत्ता में बैठे लोग केवल लालू यादव और उनके 15 साल को जिम्मेदार ठहराएंगे। ये लोग अपराधियों को बचाने और संरक्षण देने का काम करते हैं। यह सरकार पूरी तरह विफल हो गई है। बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और राजद नेता राबड़ी देवी के बयान पर आरएलएम अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाह ने कहा कि वे कहां से आकड़ा लाती हैं ये तो वही जानें। उनका चश्मा राजद के समय वाला है, इसलिए उन्हें पुराना दृश्य दिखता होगा। कहीं-कहीं घटना जरूर हुई है लेकिन जिस तरह की बात वो कर रही हैं इसमें सच्चाई नहीं है।

# महिलाओं को 2100 महीना, 500 में सिलेंडर, युवाओं को 2 लाख सरकारी नौकरी

## सीएम सैनी ने पेश किया बजट





एजेंसी

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा की कि धान की खेती से दूर जाने वाले किसानों के लिए ह्मेरा पानी मेरी विरासत योजना के तहत सब्सिडी 7,000 रुपये से बढ़ाकर 8,000 रुपये प्रति एकड़ की जाएगी। विधानसभा में 2025-26 के लिए राज्य का बजट पेश करते हुए सैनी ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना और भूजल संसाधनों पर दबाव कम करना है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि सहकारी समितियों के रूप में पंजीकृत किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के लिए एक बागवानी नीति लाई जाएगी। नीति का उद्देश्य सामूहिक खेती का समर्थन करना और बागवानी क्षेत्र को मजबूत करना है।

### वित्त वर्ष 2026 के बजट में गौ अभ्यारण्य, गौशाला अनुदान की भी घोषणा

बजट में पशु कल्याण के लिए भी प्रावधान शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जिले में एक नया गौ अभ्यारण्य स्थापित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, राज्य भर में पंजीकृत गौशालाओं में 51 नए शेड बनाने के लिए 5 करोड़ रुपये का अनुदान प्रस्तावित किया गया है। ये घोषणाएँ स्थायी कृषि और ग्रामीण विकास के लिए व्यापक प्रयासों के बीच की गई हैं। फसल विविधीकरण योजना को सबसे पहले राज्य के भूजल में कमी की चिंताओं को दूर करने के लिए शुरू किया गया था, और संशोधित सब्सिडी से अधिक किसानों को वैकल्पिक फसलें अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने की उम्मीद है। प्रस्तावित बागवानी नीति का उद्देश्य मूल्य श्रृंखलाओं को बढ़ावा देना और सहकारी एफपीओ को बेहतर बाजार पहुँच प्रदान करना है। जिला-स्तरीय अभयारण्यों और गौशालाओं में अतिरिक्त बुनियादी ढाँचे सहित पशु कल्याण पहलों से आवारा और दूध न देने वाले मवेशियों के बेहतर प्रबंधन का समर्थन करने की उम्मीद है।


**महाराष्ट्र सरकार**
**लोक निर्माण विभाग**

कार्यकारी अभियंता, एकीकृत इकाई (पी.डब्ल्यू.) प्रभाग, फोर्ट, मुंबई–400 001. ईमेलः–integratedmumbai-ee@mahapwd-gov-in

टेलीफोन नं. 022–22016974 फैक्स नं. 022016976 ई–निविदा सूचना नं. 79 वर्ष 2024–2025

कार्यकारी अभियंता, एकीकृत इकाई (पी.डब्ल्यू.) प्रभाग, द्वितीय तल, बांधकाम भवन, 25वां मर्ज़बान रोड, फोर्ट, मुंबई–400 001 टेलीफोन नंबर 22016974 / 22016976 द्वारा महाराष्ट्र के लोक निर्माण विभाग की श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए "बी–1" फॉर्म में ऑनलाइन ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रु. |
|---|---|---|
| 1 | मुंबई के सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल कंपाउंड में एल्लप्पा बलराम बिल्डिंग के प्रथम तल पर वार्ड क्रमांक 38 में प्रवेश मार्ग क्षेत्र और रसोईघर के नवीनीकरण के लिए एम.ओ.डब्ल्यू. | 2471147 |
| 2 | मुंबई के सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल कंपाउंड में एलप्पा बलराम बिल्डिंग के प्रथम तल पर वार्ड क्रमांक 38 (वार्ड ए और बी) में शौचालय ब्लॉकों के नवीनीकरण के लिए एमओडब्ल्यू। | 2459811 |
| 3 | मुंबई के सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल कंपाउंड में एलप्पा बलराम बिल्डिंग के प्रथम तल पर वार्ड क्रमांक 38 (वार्ड ए और बी) में स्टाफ और सहायक प्रवेश क्षेत्र और लॉबी क्षेत्र मार्ग के नवीनीकरण के लिए एम.ओ.डब्ल्यू. | 2462458 |
| 4 | मुंबई के सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल कंपाउंड में एलप्पा बलराम बिल्डिंग के प्रथम तल पर वार्ड क्रमांक 38 (वार्ड ए और बी) में कॉलम, बीम, छत और फॉल्स सीलिंग के कार्य को मजबूत करने के लिए एमओडब्ल्यू। | 2.67996 |
| 5 | एम.ओ.डब्ल्यू. सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल कंपाउंड, में एलप्पा बलराम बिल्डिंग में पहली मंजिल पर वार्ड नंबर 38 (वार्ड ए) में फ्लोरिंग, डेडो, यूपीवीसी विंडो वर्क्स, प्लास्टरिंग और पेंटिंग का नवीनीकरण करने के लिए– | 2462920 |
| 6 | एम.ओ.डब्ल्यू. सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल कंपाउंड, में एलप्पा बलराम बिल्डिंग में पहली मंजिल पर वार्ड नंबर 38 (वार्ड बी) में फ्लोरिंग, डेडो, यूपीवीसी विंडो वर्क्स, प्लास्टरिंग और पेंटिंग का नवीनीकरण करने के लिए– | 2462903 |
| 7 | एम.ओ.डब्ल्यू. सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल कंपाउंड, मुंबई में एलप्पा बलराम बिल्डिंग में पहली मंजिल पर वार्ड नंबर 38 में अलमारी, स्टोरेज यूनिट, टेबल, कुर्सियां, विभाजन प्रदान करने और स्थापित करने के लिए। | 2457197 / |
| 8 | एम.ओ.डब्ल्यू. सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल कंपाउंड, मुंबई में डेविड सैसून बिल्डिंग में तीसरी मंजिल पर वार्ड नंबर 32 में प्रवेश मार्ग क्षेत्र और रसोई का नवीनीकरण करने के लिए। ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल कंपाउंड, मुंबई। | 2471147– |
| 9 | सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल कंपाउंड, मुंबई में डेविड सैसून बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर वार्ड नंबर 32 (वार्ड ए और बी) में शौचालय ब्लॉक के नवीनीकरण के लिए एम.ओ.डब्ल्यू. | 2471113 / – |
| 10 | सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल कंपाउंड, मुंबई में डेविड सैसून बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर वार्ड नंबर 32 (वार्ड ए और बी) में स्टाफ और सिस्टर एंट्रेंस एरिया और लॉबी एरिया पैसेज के नवीनीकरण के लिए एम.ओ.डब्ल्यू. | 24462433– |
| 11 | सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल कंपाउंड, मुंबई में डेविड ससून बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर वार्ड नंबर 32 (वार्ड ए और बी) में कॉलम, बीम, छत और झूठी छत के काम को मजबूत करने के लिए एमओडब्ल्यू। | 2468046– |
| 12 | सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल कंपाउंड, मुंबई में डेविड ससून बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर वार्ड नंबर 32 (वार्ड ए) में फर्श, डेडो, यूपीवीसी खिड़कियों के काम, प्लास्टरिंग और पेंटिंग के काम को एमओडब्ल्यू। | 2462870– |
| 13 | सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल कंपाउंड, मुंबई में डेविड ससून बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर वार्ड नंबर 32 (वार्ड बी) में फर्श, डेडो, यूपीवीसी खिड़कियों के काम, प्लास्टरिंग और पेंटिंग के काम को एमओडब्ल्यू। | 2462928 / – |
| 14 | अलमारी प्रदान करने और स्थापित करने के लिए एमओडब्ल्यू। भंडारण इकाई। सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल कंपाउंड, मुंबई में डेविड सैसून बिल्डिंग में तीसरी मंजिल पर वार्ड नंबर 32 में टेबल, कुर्सियाँ, विभाजन। | 2457197 – |
| 15 | डॅ से सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल मुंबई में स्टाफ और नर्सिंग क्वार्टर के ग्राउंड फ्लोर रूम की मरम्मत और नवीनीकरण | 1367088 / – |
| 16 | सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुंबई में प्रवेश द्वार के नवीनीकरण के लिए एम.ओ.डब्ल्यू. | 1033437 / |
| 17 | सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुंबई में तृप्ति बिल्डिंग लिफ्ट नंबर 4 के लिफ्ट पिट के उन्नयन, नवीनीकरण और वॉटरप्रूफिंग के लिए एम.ओ.डब्ल्यू. – | 848748 / – |
| 18 | सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुंबई में स्किन वी.डी. बिल्डिंग में स्टाफ टॉयलेट के नवीनीकरण और मरम्मत के लिए एम.ओ.डब्ल्यू. | 1907101 |
| 19 | सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुंबई में स्किन वी.डी. बिल्डिंग में सिस्टर रूम पैसेज के नवीनीकरण और मरम्मत के लिए एम.ओ.डब्ल्यू. | 1349009 / – |
| 20 | सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स कंपाउंड, मुंबई में एलप्पा बलराम बिल्डिंग में पहली मंजिल पर स्टाफ और सिस्टर प्रवेश क्षेत्र और लॉबी क्षेत्र पैसेज के नवीनीकरण के लिए एम.ओ.डब्ल्यू. | 1349009 / – .. |
| 21 | सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुंबई में स्किन वी.डी. बिल्डिंग में स्टाफ टॉयलेट और सिस्टर रूम मार्ग का नवीनीकरण और मरम्मत करने के लिए एम.ओ.डब्ल्यू. | 3256110. |
| 22 | सर जे.जे. हॉस्पिटल कंपाउंड, मुंबई के परिसर में धोई घाट पर मशीन रूम के लिए नई पानी की टंकियों, पाइप लाइनों और सहायता प्राप्त कार्यों की स्थापना करने के लिए एम.ओ.डब्ल्यू. | 172096 / – |
| 23 | सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुंबई में आर.एम. भाऊ हॉस्टल बिल्डिंग के वेल्डेड जाल प्रदान करने और ठीक करने के लिए एम.ओ.डब्ल्यू. | 1819525 |

निविदा उपलब्ध तिथि दिनांक 17/03/2025 को सुबह 10.30 बजे से दिनांक 24/03/2025 को दोपहर 15.00 बजे तक उद्घाटन तिथि दिनांक 25/03/2025 को दोपहर 15.05 बजे।सभी विस्तृत जानकारी निम्नलिखित वेबसाइटर्स पर उपलब्ध है। विवरण के लिए वेबसाइट पर जाएँ: 1. http%@@mahapwd-com 2- http%@@mahatenders-gov-in

डीजीआईपीआर/2024–25/सी–7138

कार्यकारी अभियंता का कार्यालय, एकीकृत इकाई
(पी.डब्ल्यू.) प्रभाग, फोर्ट, मुंबई–400 001.

